संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -223 गुरूवार,15 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

गुजरात के द्वारका,जामनगर और भुज में बिपरजॉय का कहर

तूफान बिपरजॉय की शुरुआत छह जून को दक्षिण-मध्य अरब सागर में हुई थी,तब यह सुस्त गति से उत्तर की ओर बढ़ रहा था

- » गुजरात के द्वारका,जामनगर और भुज में तेज हवाओं के साथ बारिश
- » पेड़ और बिजली के खंभे गिरे
- » तूफान बिपरजॉय गुजरात के तट तक गुरुवार को पहुंचेगा,तेज हवा के साथ वर्षा शुरू हो गई है
- » समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठने लगी हैं। तेज हवाओं की वजह से पेड़ उखड़कर गिरने लगे हैं

द्वारका,14 जून 2023(ए)। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय तूफान लगभग 150 किमी की रफ्तार से आज शाम सौराष्ट्र एवं कच्छ के तटीय क्षेत्र से टकराएगा। महाराष्ट्र.और गुजरात में समुद्र में ऊंची लहरे उठ रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, इसके प्रभाव से 16 जून तक भारी वर्षा हो सकती है।

चक्रवाती तूफान बिपरजॉय अब तटीय इलाकों की ओर बढ़ रहा है। गुजरात और महाराष्ट्र में बिपरजॉय का असर देखा जा रहा है। दोनों राज्यों में समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि 15 जून को बिपरजॉय का खासा असर देखने को मिलेगा। एहतियात के तौर पर रेलवे ने 95 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। पश्चिमी रेलवे का कहना है कि 15 जून तक ये ट्रेनें रद्द रहेंगी। गुजरात से अब तक 37 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया जा चुका है।

गुजरात के कच्छ में बिपरजॉय से पहले भूकंप के झटके

गुजरात इस वक्त दोहरी मुसीबत से जूझ रहा है। एक तरफ तूफान बिपरजॉय तो दूसरी ओर भूकंप। गुजरात के कच्छ रीजन में भूकंप में भूकंप आया। भुज और कच्छ रीजन

में दूसरे इलाकों में भूकंप आया। हालांकि, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता बहुत धीमी थी। रिक्टर स्केल पर 3.5 की तीव्रता दर्ज की गई। मंगलवार को देश के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। जम्मू में मंगलवार देर रात और बुधवार सुबह भूकंप के कुल चार झटके महसूस किए गए। लगातार भूकंप आने से नगरिकों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

बता दें कि चक्रवाती तूफान बिपरजॉय अब तटीय इलाकों की ओर बढ़ रहा है। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय तूफान लगभग 150 किमी की रफ्तार से 15 जून की शाम सौराष्ट्र एवं कच्छ के तटीय क्षेत्र से टकराएगा। गुजरात और महाराष्ट्र में बिपरजॉय का असर देखा जा रहा है। दोनों राज्यों में समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, इसके प्रभाव से 14 से 16 जून तक भारी वर्षा हो सकती है।

गुजरात के तटीय इलाकों से करीब 37,800 लोगों को निकाला गया

अभी तक समुद्र तट के किनारे रह रहे 37,794 लोगों को निकाला गया है.मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने चक्रवात के प्रकोप से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार रात राज्य सरकार के आपातकालीन संचालन केंद्र का दौरा किया. आईएमडी के मुताबिक, चक्रवात 'बिपारजॉय' से व्यापक क्षति होने की आशंका है और गुजरात के कच्छ, देवभूमि द्वारका और जामनगर जिले इससे सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं.

अधिकारियों ने बताया कि लोगों को निकालने का काम बुधवार को भी जारी रहा. आईएमडी के अनुसार, चक्रवात के 15 जून की शाम को 125-135 किलोमीटर प्रति घंटे से लेकर 150 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार के साथ जखाऊ बंदरगाह के पास कच्छ में मांडवी और पाकिस्तान के कराची के बीच टकराने की संभावना है. सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के तटीय हिस्सों, खासकर कच्छ, पोरबंदर और देवभूमि द्वारका जिलों में तेज हवाओं के साथ बेहद भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है.

मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, चक्रवात के दस्तक देने और कमजोर होने के बाद, इसके उत्तर-पूर्व और दक्षिण राजस्थान की ओर बढ़ने की आशंका है. इस वजह से 15-17 जून तक उत्तर गुजरात में भारी से बहुत भारी बारिश होगी. समुद्र के अशांत होने और आने वाले चक्रवात के कारण क्षेत्र में अत्यधिक भारी वर्षा के मद्देनजर मछली पकड़ने संबंधी गतिविधियों को 16 जून तक निलंबित कर दिया गया है और बंदरगाह बंद कर दिए गए हैं।देवभूमि द्वारका, राजकोट, जामनगर, जूनागढ़, पोरबंदर, गिर सोमनाथ, मोरबी और वलसाड जिलों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 17 और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के 12 दल पूरी तरह से तैयार हैं. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात सरकार के प्रतिनिधियों से मंगलवार को ऑनलाइन बातचीत की थी और उनसे चक्रवात 'बिपारजॉय' की तैयारियों के तहत संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने की व्यवस्था करने तथा बिजली, दूरसंचार, स्वास्थ्य व पेयजल जैसी सभी आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा था।

एयरपोर्ट पर पकड़ाया 10 करोड़ का सोना

अभियुक्तों ने दूसरी उड़ान से भागने का प्रयास किया लेकिन अंतत पकड़े गए...

नईदिल्ली,14 जून 2023(ए)। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 16.5 किलोग्राम सोने की तस्करी के आरोप में एक महिला समेत उज्बेकिस्तान के दो नागरिकों को पकड़ा गया है। बता दें कि इस सोने की कीमत करीब 10 करोड़ रुपये आंकी गई है।

शुरुआती तलाशी के दौरान उनके पास कुछ नहीं मिला क्योंकि उन्होंने अधिकारियों को धोखा देने के लिए कन्वेयर बेल्ट के पास सोने से भरा बैग छोड़ दिया था। जब उन्हें पता चला कि वे बेनकाब हो गए हैं, तो अभियुक्तों ने दूसरी उड़ान से भागने का प्रयास किया लेकिन अंतत पकड़े गए।

अधिकारियों को सूचना मिली थी कि एक मध्य एशियाई देश का व्यक्ति बड़ी मात्रा में विदेशी मूल के सोने के साथ दिल्ली की यात्रा आ रहा है। नतीजतन, आईजीआई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने आने वाले यात्रियों पर कड़ी निगरानी रखी।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने तलाशी ली और बेल्ट नंबर 9 के पास एक बैग पड़ा मिला, जहां आरोपी को घूमते देखा गया था। अधिकारी ने कहा, इस बैग को स्कैन करने पर पता चला कि अंदर सोने का सामान है। चूंकि कोई दावेदार उपलब्ध नहीं था, इसलिए बैग खोला गया। इससे जंजीरों के रूप में लगभग 16.5 किलोग्राम सोना बरामद हुआ।

इसके बाद अधिकारियों ने तुरंत सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की और बैग छोड़ने वाले व्यक्ति की पहचान की। एक महिला बेल्ट के पास बैग छोड़ती नजर आई। उसका पता लगाने का भरसक प्रयास किया गया। यह संदेह करते हुए कि वह देश से भागने का प्रयास कर सकती है, सीमा शुल्क अधिकारियों की एक टीम को तुरंत आईजीआई हवाई अड्डे के डिपार्चर साइड पर भेज दिया गया। एयर अस्ताना द्वारा अल्माटी के लिए संचालित प्रस्थान उड़ान के यात्रियों की सूची में एक समान नाम वाली यात्री पाई गई जो एचवाई 421 की उड़ान से दिल्ली आई थी। एयर अस्ताना के माध्यम से अलमाटी (कजाकिस्तान) के लिए प्रस्थान करने वाले यात्रियों की व्यक्तिगत जांच की गई।

अधिकारी ने कहा, सीसीटीवी फुटेज में आश्चर्यजनक समानता के आधार पर भागने वाली यात्री की पहचान की गई और उसे हिरासत में लिया गया। उसने बैग छोड़ने की बात कबूल की। उसकी जानकारी के आधार पर मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जो मुख्य संदिग्ध था। मामले की आगे की जांच जारी है।

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस कार्य समिति में होगा बड़ा बदलाव

नईदिल्ली,14 जून 2023(ए)। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस कार्य समिति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। इसका मकसद पार्टी को फिर से मजबूत करना और आने वाले चुनाव में बीजेपी को कड़ी टक्कर देना है। अभी सीडब्ल्यूसी में 25 स्थायी सदस्य हैं। दरअसल इस साल फरवरी में जब छत्तीसगढ़ के रायपुर में कांग्रेस का सत्र हुआ था, तो पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चुनाव करवाने के बजाय सीडब्ल्यूसी में सदस्यों को नामित करने के लिए अधिकृत किया गया।

इसके अलावा पार्टी ने अपनी कार्यसमिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, युवाओं और अल्पसंख्यकों को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए अपने संविधान में संशोधन किया। साथ ही सीडब्ल्यूसी सदस्यों की संख्या भी 25 से बढ़ाकर 35 कर दी। पार्टी के कई नेताओं का मानना है कि दशकों पुरानी पार्टी में जान फूंकने के लिए नए प्रतिभाओं को लाना जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक रमेश चेन्निथला, राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन, पूर्व दलित कांग्रेस प्रमुख नितिन राउत, कर्नाटक के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और पूर्व कैबिनेट मंत्री सुबोदकांत सहाय जैसे नेताओं का नाम सीडब्ल्यूसी के लिए सबसे आगे है।

अविनाश पांडे, पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी, महाराष्ट्र के प्रभारी एचके पाटिल, बिहार के प्रभारी भक्त चरण दास और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को सीडब्ल्यूसी से हटाया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए अपने संविधान में संशोधन कर दिया था। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी भी सीडब्ल्यूसी का हिस्सा होंगे। पार्टी इसको लेकर तेजी से काम कर ही, जल्द ही इस पर अंतिम फैसला हो जाएगा।

2 महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ दिए सबूत

नईदिल्ली,14 जून 2023(ए)। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 2 महिला पहलवानों ने दिल्ली पुलिस को सबूत दिए हैं। पुलिस इस मामले में 15 जून को चार्जशीट दाखिल कर सकती है। बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाने वाली 6 में से 2 महिला पहलवानों ने दिल्ली पुलिस को ऑडियो और विजुअल सबूत सौंप दिए हैं। पुलिस इनकी जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ताओं ने पर्याप्त सबूत नहीं दिए हैं जिससे आरोप सही साबित हो सके। वहीं, नाबालिग पहलवान द्वारा आरोप वापसस लेने के बाद पुलिस इस केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर सकती है। भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण

शरण सिंह के परिवार के सदस्य पात्रता के बावजूद महासंघ के आगामी चुनाव नहीं लड़ेंगे। बृजभूषण का बेटा करण भूषण उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ का प्रमुख है जबकि उसका दामाद आदित्य प्रताप सिंह बिहार इकाई का प्रमुख है।

डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चार उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव और पांच कार्यकारी सदस्यों के लिए 6 जुलाई को चुनाव होंगे। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने विरोध कर रहे पहलवानों को आश्वासन दिया था कि न तो बृजभूषण के परिवार के सदस्यों और न ही उसके सहयोगियों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी जिसके बाद उन्होंने 15 जून तक अपना विरोध रोक दिया था।

कार में मिला बम से भरा बैग

- » 8 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

बिष्णुपुर ,14 जून 2023(ए)। पश्चिम बंगाल के बिष्णुपुर में पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान एक कार से खतरनाक बम से भरा बैग बरामद किया है। साथ ही इस मामले में पुलिस ने 8 संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। दरअसल, प्रदेश में अगले महीने पंचायत चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले हिंसक गतिविधि तेज हो गई है, जिसको लेकर पुलिस

अर्लट है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि कहीं इसका इस्तेमाल चुनाव के दौरान तो नहीं किया जाने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार, बांकुड़ा में वाहनों की जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध कार की जांच की गई। इस दौरान कार से एक बैग बरामद हुआ, जिसमें बम भरे हुए थे। पुलिस ने बम को जब्त कर लिया और 8 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, बांकुड़ा में वाहनों की जांच के दौरान एक कार से बम से भरा बैग बरामद किया गया। इस मामले में 8 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

एक और केस में फंसे राहुल गांधी

इन कांग्रेस नेताओं को भी समन

बेंगलुरु,14 जून 2023(ए)। राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया है। कर्नाटक की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी समेत कई नेताओं को नोटिस भेजा है। जानकारी के अनुसार 9 मई को राज्य सचिव एस केशवप्रसाद ने शिकायत दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की छवि खराब करने के लिए विज्ञापन जारी किए। शिकायत के अनुसार, कांग्रेस प्रदेश कमेटी की ओर से 5 मई, 2023 को प्रमुख समाचार पत्रों में विधानसभा चुनाव को लेकर विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें दावा किया गया था कि तत्कालीन भाजपा सरकार '40 प्रतिशत कमीशन' में लिप्त थी। इस तरह से बीजेपी ने चार सालों में 1.5 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया था। कांग्रेस के ये आरोप आधारहीन, पूर्वाग्रही और मानहानिकारक हैं।

27 जुलाई तक का समय

निर्वाचित पूर्व और मौजूदा सांसदों/विधायकों से संबंधित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए विशेष अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 499 (मानहानि) और 500 (मानहानि के लिए सजा) के तहत अपराधों का संज्ञान लिया है। शपथ पत्र दर्ज कराने के लिए 27 जुलाई तक समय दिया। वहीं, इस संबंध में सभी उत्तरदाताओं को मंगलवार को समन जारी करने का आदेश दिया गया।

मणिपुर में ताजा हिंसा में उग्रवादियों ने 9 लोगों की जान ले ली और 25 को घायल कर दिया

- » अनौपचारिक सूत्रों ने मरने वालों की संख्या 11 बताई है

इंफाल,14 जून 2023(ए)। इंफाल पूर्वी जिले के खमेलोक गांव में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में 9 ग्रामीणों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अनौपचारिक सूत्रों ने मरने वालों की संख्या 11 बताई है।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने मंगलवार रात खमेलॉक गांव पर हमला किया और ग्रामीणों पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की जिसमें नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पीड़ित या तो सो रहे थे या अभी-अभी खाना खाया ही था कि चरमपंथियों ने अपने परिष्कृत हाथों से गोलियों की बौछार कर दी। घायलों को तुरंत विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

जम्मू क्षेत्र में फिर भूकंप के चार झटके

लोगों में दहशत का माहौल

डोडा/जम्मू,14 जून 2023(ए)। जम्मू में मंगलवार देर रात और बुधवार सुबह भूकंप के कुल चार झटके महसूस किए गए. लगातार भूकंप आने से नागरिकों में दहशत फैल गई. अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है.

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, किश्तवाड़ में बुधवार सुबह आठ बजकर 29 मिनट पर 3.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र धरती से पांच किलोमीटर की गहराई में था. एनसीएस से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक,इससे पहले डोडा में सुबह सात बजकर 56 मिनट पर 3.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए. इस भूकंप का केंद्र धरती से दस किलोमीटर की गहराई में था. मंगलवार देर रात को भी क्षेत्र में दो भूकंप आए. आंकड़ों के अनुसार, डोडा जिले में मंगलवार देर रात दो बजकर 20 मिनट पर 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसका केंद्र धरती से दस किलोमीटर की गहराई में था. वहीं, एक अन्य भूकंप रियासी जिले के कटरा से 74 किलोमीटर पूर्व में देर रात दो बजकर 43 मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 2.8 मापी गई है.गौरतलब है कि इन चार भूकंप से पहले मंगलवार दिन में डोडा में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे, जिसकी तीव्रता 5.4 थी. मंगलवार को भूकंप से पर्वतीय जिलों डोडा और किश्तवाड़ में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा था. इसमें दो छात्रों सहित पांच लोग घायल हो गए थे. प्रशासन ने एहतियात के तौर पर स्कूल बंद कर दिए थे.

ईडी ने तमिलनाडु के बिजली मंत्री को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में किया गिरफ्तार

नई दिल्ली14 जून 2023(ए)। प्रवर्तन निदेशालय ने तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को बुधवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापा कार्रवाई पूरी करने के बाद सेंथिल बालाजी को हिरासत में लिया।

वी. सेंथिल बालाजी को लंबी पूछताछ के बाद पीएमएलए एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए चेन्नई के ओमांदुरार सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान मंत्री सेंथिल को रोते हुए देखा गया। उल्लेखनीय है कि नौकरी के लिए नकदी (कैश फॉर जॉब्स स्कैम) घोटाले के तहत पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस और ईडी को जांच की अनुमति दी थी। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधान के तहत तमिलनाडु के बिजली मंत्री के आवास की तलाशी ली। पिछले महीने आयकर विभाग ने भी बालाजी के करीबियों के घर में छापा मारा था।

तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को ईडी ने बुधवार सुबह जैसे ही गिरफ्तार किया था, उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया ओर उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी कोरोनरी एंजियोग्राम हुई, जल्द से जल्द बाईपास सर्जरी की सलाह दी है। ओमंदुरार के टीएन गवर्नमेंट मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में सीने में दर्द की शिकायत करने वाले मंत्री का कोरोनरी एंजियोग्राम किया गया, जहां उन्हें भर्ती कराया गया था।

संपादकीय

एक-एक सीट बचाने का जुगाड़

भारतीय जनता पार्टी की चुनावी रणनीति कई स्तर पर बन रही है। एक रणनीति उन राज्यों की है जहां भाजपा ने सारी सीटें जीती हैं या जिन राज्यों की ज्यादातर सीटें उसने पिछले चुनाव में जीती थी। इसके अलावा एक रणनीति उन राज्यों के लिए है, जहां भाजपा ने कम सीटें जीती हैं या कोई सीट नहीं जीती है। जिन राज्यों में भाजपा ने एक, दो या तीन सीट जीती है वहां उन सीटों को बचाने का जुगाड़ बनाया जा रहा है। इसका कारण यह है कि भाजपा एक भी सीट गंवाना अफोर्ड नहीं कर सकती है क्योंकि उसकी भरपाई का उपाय उसको नहीं दिख रहा है। कहीं से भी एक सीट कम होती है तो उसके बदले नई जगह सीट जीतने की संभावना नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अपने मजबूत असर वाले राज्यों में भाजपा ने सारी सीटें पहले से जीती हैं या ज्यादातर सीटें जीती हैं। इसलिए वहां सीट बढ़ नहीं सकती है। अगर वहां भी सीटें कम हुईं और एक-एक सीट वाले राज्यों में भी नुकसान हुआ तो बड़ा नुकसान हो जाएगा। तभी भाजपा ने पंजाब की अपनी दो लोकसभा सीटें बचाने के लिए अकाली दल से तालमेल का फैसला किया है। उसे हर हाल में पंजाब की दो और चंडीगढ़ की एक सीट बचानी है। इसी तरह तेलंगाना की चार सीटें भाजपा को हर हाल में बचानी है। इसके लिए टीडीपी से तालमेल की जरूरत हो या जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला की नई बनी पार्टी से तालमेल करना पड़े, भाजपा वह करेगी। आंध्र प्रदेश में भाजपा को पिछली बार एक भी सीट नहीं मिल पाई थी, जबकि 2014 में टीडीपी के साथ रहने पर उसने दो सीटें जीती थीं। 2024 में भाजपा कम से कम दो सीट जीतने के उपाय कर रही है। इसलिए टीडीपी को साथ लिया जा रहा है। ऐसे ही तमिलनाडु में भाजपा का खाता नहीं खुला था। इस बार वह एक या दो सीट जीतने की योजना पर काम कर रही है। केरल में पार्टी का खाता खुलने की संभावना कम है पर ईसाई वोट साधने की योजना पर काम हो रहा है ताकि एक भी सीट जीती जा सके। इसी तरह पूर्वोत्तर में त्रिपुरा की दोनों सीटें बचाने के लिए पार्टी हर संभव प्रयास करेगी।

भारी तबाही मचा सकता है बिपरजॉय

बिपरजॉय के कहर से निपटने की चुनौती

अरब सागर में उठे इस साल के पहले प्री-मानसून चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का डर देश के कई राज्यों में बना हुआ है और इसीलिए समुद्र तट वाले जिलों को हाई अलर्ट घोषित करते हुए वहां एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और सेना मोर्चा संभाल चुके हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि उसका उद्देश्य 'जीरो कैजुअल्टी' सुनिश्चित करना और इस चक्रवाती तूफान से होने वाले संभावित नुकसान को न्यूनतम करना है लेकिन माना जा रहा है कि यह तूफान कई इलाकों काफी तबाही मचा सकता है। मंगलवार को यह तूफान गंभीर चक्रवात से बेहद गंभीर चक्रवात में बदल गया था। ईस्ट सेंट्रल अरब सागर की खाड़ी में बना हुआ यह तूफान धीरे-धीरे उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है और 15 जून की शाम गुजरात के सौराष्ट्र-कच्छ से इसके टकराने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक भारत के कई राज्यों में इस तूफान के कारण तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हो सकती हैं। इस दौरान अधिकतम 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक हवाएं चलने के आसार हैं। इसी कारण गुजरात में इस तूफान को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। आशंका है कि यह तूफान अति प्रचंड रूप ले सकता है, जिसका अलर्ट मौसम विभाग लगातार दे रहा है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा के मुताबिक बिपरजॉय से काफी ज्यादा नुकसान हो सकता है, गुजरात में कच्छ, देवभूमि द्वारका, जामनगर जिलों में तो 15 जून तक 20 सेंटीमीटर से भी ज्यादा बारिश हो सकती है। आमतौर पर इस समय इतनी तेज बारिश नहीं होती है, इसलिए निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, बिपरजॉय के कारण इतनी तेज हवाएं चल सकती हैं कि पेड़ गिर सकते हैं, घरों को नुकसान हो सकता है, टीन शेड गिरने के साथ ही तटों को भी नुकसान पहुंच सकता है और कुछ इलाकों में बारिश के साथ बाढ़ आने का खतरा भी हो सकता है। बिपरजॉय के खतरे को देखते हुए 69 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, 32 ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया गया है जबकि 26 ट्रेनों शॉर्ट-ऑरजिनेट किया जा रहा है।

चक्रवाती तूफान बिपरजॉय अरब सागर में केन्द्रित है और मौसम विज्ञान के महानिदेशक के मुताबिक 15 जून को इससे सर्वाधिक खतरा है, उत्तरी गुजरात में 15 और 16 जून को इसका असर रहेगा। इसलिए प्रभावित स्थानों पर लोगों को घर के अंदर सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है क्योंकि इसके आने से पेड़, बिजली के खंभे, सेलफोन टावर उखड़ सकते हैं, जिससे बिजली और दूरसंचार में व्यवधान आ सकता है और इस भीषण तूफान की वजह से खड़ी फसलों को भी नुकसान होगा। मौसम विभाग द्वारा 8 राज्यों लक्षद्वीप, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, केरल और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में इस तूफान के कारण तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी जा चुकी है। भारत के तटवर्ती राज्य अक्सर ऐसे चक्रवाती तूफानों से प्रभावित होते रहे हैं। इस तरह के चक्रवाती तूफान अपने पीछे केवल बर्बादी छोड़ जाते हैं। इससे पहले आए अम्फान, निसर्ग, निवार जैसे चक्रवाती तूफान भी भारी तबाही मचा चुके हैं। भीषण तबाही मचाकर गुजर जाने वाले ऐसे तूफानों के बाद भी तूफान प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को लंबे समय तक अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बहरहाल, बिपरजॉय के कहर से निपटने के लिए की गई तमाम तैयारियों के बाद भी तबाही होनी तो तय है ही, इसलिए जरूरी है कि इसके गुजर जाने के बाद लोगों को भावी मुसीबतों से निजात दिलाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जाएं। वैसे भारी तबाही मचाने वाले ऐसे तूफान अपने नामों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। चूंकि यह तूफान बांग्लादेश से उठा है, इसलिए बांग्लादेश ने ही इस तूफान को बिपरजॉय नाम दिया है। बंगाली में 'बिपरजॉय' के नाम का अर्थ है आपदा या विपत्ति। दरअसल, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में जो भी चक्रवात आते हैं, उनके नाम बारी-बारी से इस इलाके के देश ही रखते हैं। ये सिस्टम पहले से ही तय होता है। हिंद महासागर में आने वाले तूफानों के नामकरण की वर्ष 2004 से यही प्रक्रिया चली आ रही है। इससे पहले ऐसे ही चक्रवाती तूफानों को बुलबुल, लीजा, हुदहुद, कटरीना, निवार जैसे अलग-अलग नाम दिए जा चुके हैं। हिंद महासागर में आने वाले तूफानों को नाम देने के लिए भारत, बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड ने मिलकर एक फार्मूला बनाया था। सभी देशों द्वारा अपने नामों की एक सूची वर्ल्ड मीटियोरोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन को दी हुई है। इस सूची में भारत की ओर से अग्नि, आकाश, बिजली, मेघ, सागर जैसे नाम शामिल हैं जबकि पाकिस्तान की सूची में नीलोफर, तितली और बुलबुल जैसे नाम हैं। नाम देने लायक चक्रवात आने पर उपरोक्त 8 देशों के भेजे नामों में से बारी-बारी से एक नाम चुना जाता है।

भयंकर तूफानों का नामकरण किए जाने के पीछे भी अहम कारण हैं। साइक्लोन या चक्रवात ग्रीक शब्द 'साइक्लोज' से बना है, जिसका अर्थ है, वैसा सांप, जिसने कुंडली मार रखी हो और हमले के लिए तैयार बैठा हो। इसमें कम दबाव के क्षेत्र में हवा अंदर की ओर चक्कर काटती रहती है। कोई भी तूफानी हवा चक्रवात तभी कहलाती है, जब वह कम से कम 74 मील प्रतिघंटा (करीब 119 किलोमीटर प्रतिघंटा) की रफ्तार पकड़ ले। जब तूफान चक्रवात का रूप धारण कर लेता है, तब उसका एक नाम दिए जाने की परम्परा है। किसी तूफान को नाम इसलिए दिया जाता है ताकि उसका कोई नाम होने से लोगों को उसकी भयावहता को लेकर समय रहते चेतावनी दी जा सके और प्रभावित होने वाले क्षेत्र में लोग उसे गंभीरता से ले सकें। नामकरण के बाद ऐसे तूफानों से निपटने के लिए तैयारी करने में भी मदद मिलती है। किसी भी तूफान की श्रेणी हवा की गति के आधार पर ही तय की जाती है। तूफान की श्रेणी हवा की गति बढ़ने के आधार पर 1 से 5 की स्केल पर चली जाती है।

जब हवा 63 किलोमीटर प्रतिघंटा या उससे अधिक रफ्तार से चलती है तो उसे ट्रॉपिकल तूफान कहा जाता है। हवा की गति 119 किलोमीटर प्रतिघंटा से भी अधिक होने पर उसे 'ट्रापिकल साइक्लोन' कहते हैं। किसी चक्रवाती तूफान की रफ्तार प्रायः 62 से 88 किलोमीटर प्रतिघंटा होती है लेकिन तूफान की रफ्तार 221 किलेमीटर प्रतिघंटा से भी ज्यादा होने पर उसे सुपर साइक्लोन कहा जाता है। चक्रवाती तूफानों का सिलसिला प्रायः मौसम में गर्मी की शुरूआत से ही शुरू हो जाता है। सूर्य की गर्मी जब समुद्र में भूमध्य रेखा के पास बढ़ती है तो समुद्र का पानी 27 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा गर्म हो जाता है, जिससे भाप बनती है और गर्म हवा तेजी से ऊपर उठती है। जब गर्म हवा ऊपर की ओर उठती है तो ऊपर की नमी वाष्प के साथ मिलकर बादल बनाती है और वहां कम वायु दाब का क्षेत्र बन जाता है। गर्म हवा ऊपर उठने पर नीचे की खाली जगह भरने के लिए ठंडी हवा तेजी से आ जाती है और इस प्रकार हवा चक्कर काटने लगती है तथा नमी से भरे बादल भी घूमने लगते हैं, जिससे समुद्री तूफान पैदा होता है। तूफान की तीव्रता गर्मी और नमी की अधिकता पर निर्भर करती है।

योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

बेनाम

इस तरह से ऐसे ,बेनाम होना चाहते हैं ।
यूं तुम्हारे नाम में ,तमाम होना चाहते हैं ।
न कोई वज़ूद हो ,अपना न हो पहचान ,
डूब जाउं तुझमें बस ,बनके यूं हीं अंजान
इस तरहसे इश्क का ,
अंजाम होना चाहते हैं।
कहां मीरा कहां हम हैं ,
न उनका नाम यूं लेना ,
रहें बस बावरी से हम
तारूफ़ हो न हो तुलना ,
बस कदम की धूल से ,
यूं काम लेना चाहते हैं ।
नहीं देखा कभी उसको,
यूं चलते बात यूं करते,
तुम्हारे रुप मे उसकी ,
झलक आभास हम पाते,
तनहां मुश्किल राहों पे ,
मक़ाम पाना चाहते हैं ।

पुष्पा स्वाती,मुम्बई

घर बना लूँ

ये आंखें ढूंढती हैं किसको जाना,
आज़मा लूँ क्या
बसी हूँ मैं ही इनमें है पता, यहाँ घर
बना लूँ क्या
मेरे दिल के ये दरवाज़े तुम्हारी राह
तकते हैं
कभी इक शाम के ढलते यूँ ही
तुमको बुला लूँ क्या
जो आओ तुम हमें मिलने तो कोई
बात बन जाये
बताओ आते हो दिल में तो फिर
महफ़िल सजा लूँ क्या
हुए हो तुम अज़ीम हमको तुम्हें
इसकी ख़बर तो है
क़रीब आओ ज़रा हमदम मेरे
तुमको लुभा लूँ क्या
न जाने क्यों ख़फ़ा हो तुम बड़े
मायूस लगते हो
कहो कुछ गीत गा कर मैं अभी
तुमको मना लूँ क्या

प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

गुलमोहर

फिर ढूंढ लाओ वही
गुलमोहर वाला मौसम।
हदे निगाह हरे भरे शजर वाला मौसम।
नदी की रेत में ढूंढते थे
मिल के सीपियाँ,
अब कहाँ रंग बिरंगे
पत्थर वाला मौसम।
गुड्डे गुडियों की शादी,
वो सजी सजाई बरातें,
याद आते है बहुत
घर घर वाला मौसम।
उन दिनों हम कितने खुश थे
और अमीर भी,
कागज के जहाज
और लश्कर वाला मौसम।
सीमेंट के जंगलों में
कौन याद करे अब,
उँचे पहाड ,घास फूस के
छप्पर वाला मौसम।

ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

ये लोग...

हर चीज को खैरात मान बैठे हैं लोग
हर एक चीज पर
हक अपना जताते हैं लोग
रफ्ता रफ्ता उड़ना सीखा है
इन परिंदों ने अभी
हक आसमान पर
क्यों जता देते हैं लोग?
शुक्र है कि समुंदर का
पानी खारा है अभी
वरना एक एक बूंद के लिए
मोहताज करा देते ये लोग
हर एक इंसान अपने आप में
मुकम्मल है ये
क्यों अपना जैसा
दूसरों को बनाना चाहते हैं लोग?
हर एक चीज को
अपना मान बैठे हैं लोग
औरत भी हक रखती है
बराबरी का इस दौर में
क्यूँ अपने से कम
इन को आंकते हैं लोग?
अपना अहम जिल्लत और गुस्सा
इन्हीं पर निकालते हैं लोग
हर एक चीज को
खैरात मान बैठे हैं लोग

आशीष शर्मा अमृत
जयपुर, राजस्थान

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

सबक

लगी सिसकने चिड़िया रानी,
देख सभी घबराये।
कौआ कोयल मैना तोता,
पास जरा सा आये।।
क्यों आँखें गीली करती हो,
हमको तनिक बताओ।
परेशान बैठे हैं सारे,
इतना नहीं सताओ।।
धीमी-धीमी बोली
चिड़िया,देह घुसी बीमारी।
पेट दर्द सोने ना देता,
इससे मैं हूँ हारी।।
चलो पास डॉक्टर के चिड़िया ,
कोयल मैना बोली।
मगर डरी थी ये चिड़िया
जो जुबान तक ना खोली।।
उड़ कर कौआ सँग में लाया,
डॉक्टर गिल्लू राजा।
हुई बड़ी आँखें चिड़िया की,
बज गया बैंड बाजा।।
सुई निकाली गिल्लू ने जब,
जोर जोर चिल्लाई।
गुपचुप चिवड़ा और समोसे,
याद सभी की आई।।
हाथ जोड़ कर माफी माँगी,
कभी नहीं खाऊँगी।
आम सेब अरु केला खाकर,
ताकत मैं लाऊँगी।।
बीमारी जब देह लगी तो,
आया होश ठिकाना।
गिल्लू ने सबको समझाया,
सादा भोजन खाना।।

प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

वृद्धाश्रम के वृद्धों की वेदना

वृद्धाश्रम, घूमने जाते लोग,
संग उनके सेल्फी लेते,
सोशल साइट पर डालते,
स्वयं को समाजसेवी बताते।
क्या उन वृद्धों की वेदना भी,
वे समझ पाते?
देखी आज एक ऐसी ही तस्वीर
करुणा से भर उठा हृदय,
सोच में पड़ गया मन,
क्या खता हुई होगी उन वृद्धों से?
जो ये सजा पाई,
कहां कमी रही होगी परवरिश में?
जो अपने ही औलाद ने उन्हें,
बेघर कर वृद्धाश्रम भेज दिया।
मन में सवालों के बादल घूमर रहे,
मन के सवालों का
जवाब मन ही ने दिया,
शायद औलाद से अतिप्रेम ही इनकी
कमी थी,
घड़ा भी तभी सही
बनाता जब उसे,
ठोक पीट कर सही
आकार दिया जाता,
फिर औलाद से अति प्रेम क्यूं?
जो एक दिन हमें वृद्धाश्रम के
दरवाजे पर पहुंचा दे।

सविता राज,
मुजफ्फरपुर बिहार

कर्नाटक की जीत से मजबूत होगी कांग्रेस

कांग्रेस पार्टी के नेता इन दिनों उत्साह से भरे नजर आ रहे हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत के बाद तो उनका उत्साह देखते ही बनता है। इससे पूर्व दिसम्बर में कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा का चुनाव जीता था। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में कांग्रेस ने भाजपा की सरकार को हराकर चुनाव जीता है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा है। जिसका लाभ कांग्रेस पार्टी को आगामी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में व 2024 के लोकसभा चुनाव में मिल सकता है।

2014 के बाद लगातार हार पर हार झेल रही कांग्रेस पार्टी के लिए कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश में चुनावी जीत एक नई संजीवनी साबित हुई है। अब कांग्रेस की राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक में सरकार बन गई है। वही झारखंड, बिहार व तमिलनाडु में कांग्रेस सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल है। इस तरह से देखे तो कांग्रेस देश के सात प्रदेशों में सत्तारूढ़ है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह हार गई थी। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को कुछ खास सफलता नहीं मिली थी। इस दौरान कांग्रेस पार्टी बहुत से राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी हार कर सत्ता से बाहर हो गई थी। ऐसी स्थिति में कांग्रेस का कर्नाटक में भारी बहुमत से जीतना पार्टी के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

मलिकार्जुन खरगे के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहले हिमाचल और फिर कर्नाटक में कांग्रेस को जीत हासिल हुई है। जिससे उनके नेतृत्व क्षमता की भी धमक सुनायी देने लगी है। हालांकि कर्नाटक मलिकार्जुन खरगे का गृह प्रदेश है। जहां उन्होंने कई दशकों तक राजनीति की है। खरगे कर्नाटक के हर क्षेत्र व हर स्थिति से वाफिक है। जिसका फायदा उन्हें कर्नाटक के विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने में भी मिला। मलिकार्जुन खरगे वर्षों से कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनना चाहते थे। इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते उनके पास मुख्यमंत्री बनने का सुनहरा अवसर था। मगर उन्होंने केंद्र की राजनीति में ही रहना उचित समझा और अपने सुपुत्र प्रियांक खरगे को राज्य सरकार में मंत्री बनवा दिया।

कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में जीत से कांग्रेस पार्टी के नेताओं का मनोबल तो ऊंचा हुआ है। इसके साथ ही दोनों प्रदेशों में आने वाले समय में कांग्रेस को राज्यसभा सीटों का भी फायदा मिलेगा। कर्नाटक में तो कांग्रेस ने भारी बहुमत हासिल किया है। ऐसे में उनकी राज्यसभा सीटें भी बढ़कर दोगुनी से अधिक हो जाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस को कर्नाटक विधान परिषद में भी बहुत सीटों का लाभ मिलेगा।

देश में विपक्ष की राजनीति में हाशिए पर चल रही कांग्रेस पार्टी कर्नाटक चुनाव में जीत के बाद विपक्षी राजनीतिक में केन्द्रीय भूमिका में आ गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के सभी भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों की 12 जून को पटना में एक मीटिंग का आयोजन किया था। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी ने शामिल होने में असमर्थता प्रकट की थी। उस कारण से नीतीश कुमार ने 12 जून की मीटिंग को स्थगित कर उसके स्थान पर 23 जून को आयोजित कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में जीत के कारण ही ऐसा कर पाई है।

देश में विरोधी दलों को एक करने के प्रयास में लगे नीतीश कुमार को भी अच्छे से पता चल गया है कि कांग्रेस के बिना भाजपा विरोधी दलो को एक मंच पर लाना मुश्किल ही नहीं असंभव है। इसीलिए नीतीश कुमार स्वयं दिल्ली आकर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी से व्यक्तिगत मुलाकात कर विपक्षी एकता को सिरे चढ़ाने की अपील कर चुके हैं। कांग्रेस पार्टी वर्षों से यूपीए गठबंधन चला रही है। जिसमें काफी संख्या में विरोधी दल शामिल है।

हालांकि दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना के मुख्यमंत्री व भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव, बसपा अध्यक्ष मायावती, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं को आज भी कांग्रेस से परहेज है। इन सभी नेताओं का अपने-अपने प्रदेशों में व्यापक जनाधार है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल जैसे प्रदेशों में कांग्रेस की वहां के सत्तारूढ़ दलों से सीधी टक्कर है। इस कारण वहां सत्तारूढ़ क्षेत्रीय दलों से कांग्रेस का समझौता होना मुश्किल है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी पिछले दिनों कहा था कि जिस प्रदेश में क्षेत्रीय दलों का प्रभाव है वहां कांग्रेस को चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। ऐसे में तो कांग्रेस बहुत कम क्षेत्र में सिमट कर रह जाएगी। इसका प्रतिवाद करते हुए लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी से किसी भी तरह का गठबंधन करने से इनकार कर दिया था।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी केंद्र सरकार के खिलाफ राज्यसभा में कांग्रेस से समर्थन मांग रहे हैं। मगर कांग्रेस के ही बहुत से वरिष्ठ नेताओं ने अरविंद केजरीवाल को किसी भी प्रकार का साथ देने का विरोध किया है। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि केजरीवाल कांग्रेस के वोटों को हथिया कर मजबूत हो रहा है। कांग्रेस के नेता भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन में भी प्रधानमंत्री पद के लिए राहुल गांधी का नाम आगे कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि उनकी पार्टी आज भी लोकसभा व राज्यसभा में सबसे बड़ा दल है। देश के अधिकांश प्रदेशों में उनका प्रभाव है। ऐसे में यदि सभी विपक्षी दल मिलकर भाजपा को हरा देते हैं तो प्रधानमंत्री पद के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी सबसे उपयुक्त दावेदार होंगे। यदि विपक्षी दल इस बात पर सहमत है तो हम साथ आ सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस तरह से कर्नाटक में धुआंधार चुनाव प्रचार किया गया था। उसके उपरांत भी कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की थी। उसके बाद से विपक्षी दलों को लगने लगा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्लैमर अब ढ़लान पर है। ऐसे में उनके सामने प्रधानमंत्री पद के लिए मजबूत दावेदार को मैदान में उतारा जाए तो उनको आसानी से हराया जा सकता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी के सामने विपक्ष के सबसे मजबूत प्रत्याशी हो सकते हैं। अब देखना होगा कि आगामी 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की मीटिंग में क्या निर्णय लिया जाता है और उस मीटिंग से देश की राजनीति में कितना बदलाव हो सकेगा। उस पर ही विपक्षी एकता की बात निर्भर करेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा विरोधी दलों को लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री के चेहरे पर चर्चा ना कर भाजपा को हराने पर मंथन करना चाहिये। तभी विरोधी दल एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतर पाएंगे व देश की जनता को भी भरोसा दिला पाएंगे कि यदि भाजपा हारती है तो विपक्षी दलों की तरफ से देश को एक सशक्त व टिकाऊ सरकार मिलेगी।

रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

अब टेक्नोलॉजी के सहारे आतंकवाद और उग्रवाद

अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा

आतंकवाद शांति के लिए ज्यादा खतरनाक,वैसे तो उग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैं पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक, ग्रेनेटो, रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थे अब समय के परिवर्तन के साथ साथ आतंकवाद में अब इंटरनेट, मीडिया, सोशल मीडिया ने अपने पैर फैलाना शुरू किए हैं आतंकवाद के नेटवर्क के लिए इंटरनेट तथा हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का आसानी से उपयोग करने लगे हैं अमेरिका में जो ट्विन टावर और पेंटागन में हमले हुए थे, उसमें आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लक्ष्य भेदी विमानों को भेजा गया था और एक बड़ी विध्वंसकारी घटना को अंजाम दिया गया था। समय और तकनीकी शिक्षा के बढ़ने के साथ-साथ अब उग्रवादी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बड़े इंजीनियर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस मैदान में आतंकवादियों के साथ टूट पड़े हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स बड़े ही खतरनाक ढंग से सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल कर जनता को दिग्भ्रमित कर झूठी अफवाहें फैलाकर कई देशों के सूचना तंत्र में सेंध लगाकर वहां की सूचनाएं प्राप्त कर अपने उग्रवादी साथियों को भेज कर खुफिया सूचनाएं भेजते हैं। आतंकवादी गतिविधियों के लिए यह सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। और देशों की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा भी होती हैं। भारत के परिपेक्ष में भारत में बाहर के टेक्निकल शिक्षा प्राप्त किए आतंकवादी जिन्हे व्हाइट कॉलर आतंकवादी भी कहा जाता है। खुफिया तंत्र के हिसाब से यह तकनीकी स्लीपर सेल्स शांति के लिए अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। क्योंकि इनकी पहचान नहीं हो पाती है। ये छुपे हुए होते हैं। इनका पता लगाना अन्य आतंकवादियों से ज्यादा कठिन होता है और केवल तकनीकी जानकारी के आधार पर ही संभव हो पाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स इसलिए भी ज्यादा विनाशकारी होते हैं, क्योंकि यह दूर ठिकानों में बैठकर मीडिया, सोशल मीडिया, इंटरनेट के जरिए युवाओं को उकसा कर, भड़का कर सांप्रदायिक दंगे कराने में सफल हो जाते हैं। या सोशल मीडिया में झूठी तथा गलत खबरों के जरिए युवाओं को प्रभावित कर सकते हैं। निसंदेह ये अज्ञात होते हैं। लेकिन समूची युवा पीढ़ी को मानसिक रूप से प्रभावित कर उनके विकास की दिशा बदल सकते हैं। ऐसे में सारी खुफिया एजेंसियां हाथ पर हाथ धरे बैठ रह जाती हैं। भारत के परिपेक्ष्य में जम्मू कश्मीर, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स के लिए एक सॉफ्ट टारगेट होते हैं। यह अपनी तकनीकी ज्ञान के चलते सोशल मीडिया में नाम बदलकर, रूप बदलकर, युवाओं को आम जनता को गलत जानकारी देकर दिग्भ्रमित करते रहते हैं, एवं दंगे भड़काने का काम भी करते हैं। मूलतः ये टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स सफेदपोश होते हैं। एवं आम लोगों के बीच घुल मिल जाते हैं। ऐसे में इनका पता लगाना इन्हें खोजना अत्यंत कठिन हो जाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स देश के सामरिक महत्व की जानकारी अपने उग्रवादी संगठनों को प्रदान करते हैं। इन जानकारियों का आतंकवादी संगठन उग्रवाद के लिए बेहद खतरनाक ढंग से किसी भी देश के खिलाफ कर सकते हैं। भारतीय संदर्भ में यदि जम्मू कश्मीर को लिया जाए तो अब वहां आतंकवादियों ने अपना युद्ध का तरीका बदल दिया है। युद्ध का मैदान नया है, जहां पारंपरिक अथवा हथियारों, सकरी गलियों और जंगली युद्ध के मैदानों के स्थान पर कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और स्मार्टफोन ने ले लिया है। जिसके फलस्वरूप यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल अपने अपने घरों में बैठकर सड़कों, मैदानों तथा जंगल में युद्ध छेड़ सकते हैं। अपने सूचना तंत्र तथा तकनीकी ज्ञान तथा उपकरणों के दम पर युवाओं तथा आम जनता के मध्य झूठी खबर फैलाकर आतंकवादियों एवं अलगाववादियों संगठनों की मंशा के अनुरूप तोड़ मरोड़ कर परिस्थितियां तैयार कर युवाओं को देश के खिलाफ भड़का कर असामाजिक स्थिति पैदा कर देते हैं।

यह सफेदपोश आतंकवादी अधिकारी, नेताओं, व्यवसायियों की गुप्त सूचना प्राप्त कर उन उनको ब्लैकमेल कर धन राशि तथा सूचना एकत्र कर आतंकवादियों की मदद करते हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स तब और ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं, जब देश की संवेदनशील सामरिक सूचनाएं आतंकवादियों तथा दुश्मन देश को अपने तकनीकी ज्ञान के दम पर हैक करके भेजना शुरू कर देते हैं। जिससे देश की सुरक्षा संबंधी सब गुप्त सूचनाएं एवं नवीनतम रणनीति, दुश्मनों के समक्ष उजागर हो जाती है। जिससे देश की सुरक्षा तथा जानमाल को बहुत ज्यादा खतरा बन जाता है। अब ज्यादातर आतंकवादी संगठन टेक्निकल सहायता लेकर मैदानों, फील्ड में ना जाकर टारगेटेड मिसाइल तथा एयरक्राफ्ट से विनाश करने में लगे हुए हैं। अब नई टेक्नोलॉजी में ड्रोन भी सुरक्षा के लिए खतरनाक साबित होने लगे हैं। हालाँकि की सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद को खत्म करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर उनसे निपटने की तैयारी करते हैं। अमेरिका का काबुल पर आतंकवादियों के खिलाफ ड्रोन का इस्तेमाल सबसे बड़ा और नवीनतम उदाहरण है। पर दूसरी तरफ आतंकवाद से जुड़े उग्रवादी लोग भी ड्रोन का इस्तेमाल कर विध्वंस की साजिश करने से नहीं चूक रहे हैं। कुल मिलाकर नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स वैश्विक तथा भारत देश की शांति के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं जिन्हें बहुत जल्दी खोज कर इनकी पहचान किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

संजीव ठाकुर,
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

एक विशेष धर्म का व्यक्ति नोटरी से कर रहा था शादी,लोगों ने की पिटाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

खुद का नाम राहुल बताकर विगत 3 साल से धोखा देते हुए रामानुजगंज के एक व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर दो युवतियों को कोंडा गांव क्षेत्र से अंबिकापुर बुलवाने और न्यायालय में नोटरी से शादी का सर्टिफिकेट बनवाने का मामला सामने आया है। नोटरी के पास सर्टिफिकेट बनवाते दौरान उक्त व्यक्ति का एक विशेष धर्म का होने पर जब जानकारी मिली तब वहां कई लोग पहुंच गए और उक्त व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी। युवतियों के अनुसार उक्त युवक उन्हें गलत नाम बताकर यहां बुलाया था और उन्हें गुजरात ले जाकर काम दिलाए जाने की बात कही थी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक व युवती को अपने साथ ले गई। मामले में जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार न्यायालय परिसर के बाहर बुधवार की दोपहर उस वक्त अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब कुछ युवकों द्वारा एक युवक की जमकर पिटाई कर दी गई। मार खाने वाला युवक दो युवतियों के साथ था। युवतियों से जब पूछताछ की गई तो यह बात सामने आई थी वह दोनों कोंडागांव क्षेत्र की है। उनमें से एक युवती गुजरात में काम भी करती थी। किसी तरह से उनकी पहचान रामानुजगंज के व्यक्ति से हुई। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम राहुल बताया। नौकरी का झांसा देकर युवक ने दोनों युवती को अंबिकापुर बुलाया। दोनों को गुजरात भेजने की तैयारी थी। इसके लिए उक्त व्यक्ति न्यायालय में शादी के लिए नोटरी के पास कागजात बनवा रहा था उस दौरान पता चला कि उक्त व्यक्ति एक विशेष समुदाय का है। इसकी जानकारी लगने पर शहर के कई युवक वहां पहुंच गए और उक्त युवक की जमकर पिटाई कर दी। मार खाने वाले युवक के मोबाइल के जरिए अभी पता चला कि वह पहले से ही शादीशुदा है और उसके 4 बच्चे भी हैं। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

युवतियों का कर रहे बयान दर्ज-एसपी

सरगुजा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने इस संबंध में बताया कि न्यायालय परिसर के बाहर मारपीट के घटना की सूचना मिली थी। वहां से एक व्यक्ति वह दो युवती को लाया गया है। युवतियों के बयान के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

लिबरा वाटरफॉल में नहाने के दौरान किशोरी की डूबने से मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

दरिमा थाना क्षेत्र में स्थित लिबरा वाटरफॉल में नहाने के दौरान बुधवार की दोपहर एक किशोरी डूब गई। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से किशोरी को बाहर निकाला गया और उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय अंजली मूल निवासी बिहार की रहने वाली थी। यह अपने माता-पिता व अन्य भाई बहनो के साथ शहर के नमनाकला स्थित सोनी मोहल्ले में किराए के मकान में रह कर पढ़ाई करती थी। 16 जून को स्कूल खुलने वाली थी, इस लिए अंजली व पड़ोस की अन्य लड़कियां लिबरा वाटरफॉल घुमने का पलान बनाया था। तीन से चार लड़कियां पड़ोस के एक व्यक्ति के साथ बुधवार को लिबरा वाटरफॉल पहुंचे थे। यहां सभी नहा रहे थे। नहाने के दौरान अंजली गहरे पानी में चली गई और डूब गई। इस दौरान उसके अन्य सहेलियां उसे बचाने की कोशिश की पर गहरे पानी होने के कारण उसे बचाने में सफल नहीं हुए। लोग घटना की जानकारी डायल 112 को दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया और उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लिब्रा वाटर फॉल में नहाने के दौरान नाबालिगों के दो गुटों में हुई भिड़ंत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

लिबरा वाटरफॉल में नहाने के दौरान बुधवार की दोपहर नबालिगों का दो गुट आपस में भिड़ गया। दोनों गुटों के बीच जमकर लात-मुक्के चले। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायर हो रहा है। जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार बच्चों के स्कूलों में गर्मी छुट्टी चल रही है। बच्चे आपस में ग्रुप बनाकर घुमने निकल रहे हैं। गुरुवार को 15 से 20 बच्चों का ग्रुप बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के लिब्रा वाटर फॉल में नहाने गए थे। नहाने के दौरान आपस में विवाद हो गया और दो गुट बन गए। दोनों गुटो के बीच जमकर लात-मुक्के चले।मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायर हो रहा है। इस मामले में एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। कोतवाली थाना मामले की जांच कर रही है।

विश्व रक्तदाता दिवस पर डॉक्टरों व नर्सिंग विद्यार्थियों ने किया 50 यूनिट रक्तदान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

14 जून को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक में विश्व रक्त दाता दिवस मनाया गया। यह अवसर रक्त के उदार योगदान के लिए स्वैच्छिक रक्त दाताओं की सराहना की गई। सुरक्षित रक्त दान के लिए सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर भी जोर दिया गया।

विश्व रक्तदाता दिवस पर ब्लड बैंक अंबिकापुर में सबसे पहले जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में शामिल मेडिकल

स्टूडेंट ने रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक किया। अंबिकापुर ब्लड बैंक व मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज में इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मेडिकल प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक रक्तदान किया गया वहीं दूसरी ओर मदर टैरेसा नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग के छात्रों ने रक्तदान किया। दोनों स्थानों पर लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया गया। पूरे कार्यक्रम के आयोजन में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर रमनेश मूर्ति, अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर आर्या, सीएचएमओ के मार्गदर्शन में किया गया। दौरान अस्पताल सहायक अधीक्षक डॉ. अर्पण सिंह चौहान, ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर विकास पांडेय सहित ब्लड बैंक के स्टाफ मौजूद थे।

शपथ ग्रहण व चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेडिकल छात्र छात्राओं को विश्व रक्तदाता दिवस पर शपथ ग्रहण भी कराया गया। लोगों की जान बचाने की शपथ लेते हुए चित्रकला प्रतियोगिता भी कराई गई। इस प्रतियोगिता में मेडिकल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। जज के रूप में डॉक्टर जेके रेलवानी मौजूद थे।

सचिव की मनमानी से परेशान सरपंच व पंचों ने की सीईओ से शिकायत,हटाने की मांग की

- सोनू कश्यप -
प्रतापपुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत सचिव के मनमाने तरीके से काम करने के कारण सरपंच सहीत पंच व ग्रामीण शिकायत करने जनपद कार्यालय पहुंचे। सचिव के मनमाने रवैये से परेशान ग्रामीणों ने बताया कि सचिव के बहुत कम समय के लिए कभी-कभी ग्राम पंचायत में आते हैं। कोई काम लेकर जाने पर वह आनाकानी करने के साथ ही हितग्राहियों को बार-बार एक ही काम के लिए चक्कर कटवाते हैं।

यह मामला प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत चाचीडांड 1 का है ग्राम पंचायत के सचिव से ग्रामीण परेशान हो चुके हैं जिसको लेकर उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन दिया है लेकिन आज तक इस पर कार्यवाही नहीं हुआ ग्राम के ही ग्रामवासी अर्जुन बताते हैं कि पिछले एक माह से अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए दौड़ रहा हूं लेकिन सचिव फोन नहीं उठाता है और बार-बार परेशान करके रखा है

ग्राम पंचायत सचिव को हटाने की ग्रामीणों ने की मांग

चाचीडांड 1 पंचायत सचिव के कार्यप्रणाली से परेशान ग्रामीणों ने सीईओ को सौंपे शिकायती आवेदन में मांग किया है कि

प्रशासन के द्वारा पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से नहीं हटाया गया तो आंदोलन करेंगे। पंचायत सचिव के तानाशाह रवैये के कारण पंचायत में होने वाले विकास कार्य भी रुके हुए हैं। इसके कारण ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

पंचायत कार्यालय से नदारद रहते हैं सचिव

ग्रामीणों ने बताया सचिव टमेशवर सिह ग्रा पं नियमित नहीं पहुंचते हैं। इससे छोटे-छोटे काम के लिए हमें परेशान होना पड़ता है। इसके अलावा गई बैठकें और ग्राम सभा का भी आयोजन नहीं हो पाता है। साथ ही यदि कोई ग्रामीण ग्राम पंचायत सचिव के घर काम को लेकर जाने पर उसे घर से भगा दिया जाता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सचिव के एक हस्ताक्षर के लिए महीनों का चक्कर काटना पड़ता है।

दिव्यांगजनों के लिए शिविर का हुआ आयोजन,34 दिव्यांग जनों का हुआ चिन्हांकन

- संवाददाता -
लखनपुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा कलेक्टर कुनंद कुमार के निर्देशानुसार समाज कल्याण संचालक के मार्गदर्शन में लखनपुर जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में 14 जून दिन बुधवार को दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया गया था । अतिथि जनपद अध्यक्ष मोनिका सिंह, जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंहदेव व डॉक्टरों के विशेष टीम के द्वारा माता सरस्वती के छाया

चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर शिविर आरंभ किया गया।इस शिविर में विशेष टीम के द्वारा दिव्यांग जनों की शारीरिक समस्याओं को कम करने एवं गतिशीलता में वृद्धि करने हेतु दिव्यांग व्यक्तियों के शल्य क्रिया, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण किया गया इस शिविर में श्रवण बाधित 03, अस्थि बाधित 22, दृष्टिबाधित 05, मुकबधिर 4 कुल मिलाकर 34 दिव्यांग जनों का चिन्हांकन किया गया है। इस दौरान मेडिकल कालेज से आये डॉक्टरों की विशेष टीम मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी एस मार्को कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज, एसडीओ दिलीप मिंज,पंचायत निरीक्षक अनिल वर्मा, डॉ मुरली मनोहर विनोद भार्गव , उपेंद्र सिंह पैकरा,अनिल गुप्ता, जयपाल साहू, वंश राम , अमरजीत रजवाड़े अन्य विभाग के अन्य विभाग के।अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

चलित थाना आयोजित कर ग्रामीणों को दी गई क्राइम से संबंधित जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

आईजी राम गोपाल गर्ग व एसपी सुनील शर्मा के निर्देशन में पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए चलित थाना का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी द्वारा दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवानगर में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों की शिकायत व समस्याएं सुनी गई। साथ ही समस्याओं का तत्काल निवारण कर कुछ मामलों में जांच पश्चात वैधानिक कार्रवाई किये जाने की सूचना फरियादियों को दी गई। साथ ही ग्रामीणों के शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु आश्वास्त किया गया एवं ग्रामीणों को काननू के प्रति जागरूक कर विभिन्न अपराधों की रोकथाम व कमी लाने के लिये जानकारी दी एवं ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिये जागरूक किये ताकि लोग आनलाईन ठगी के शिकार न हो। चलित थाना के दौरान सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, प्रआर अजय पांडेय, आरक्षक अभय चौबे, ग्राम नवानगर कि वरिष्ठ नागरिक सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थिति रहे।

फर्जी बिल्टी पेपर तैयार कर आमगांव खदान से कोयला उड़ीसा ले जाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

» लंबे समय से चल रहा था खेल मामले से गभीरता से जांच में कई तथ्य आ सकते हैं सामने

» 4 लाख 30 हजार रूपये कीमत के 58.65 मैट्रिक टन कोयला सहित 2 ट्रक किए गए जप्त

- संवाददाता -
सूरजपुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

10.06.23 को थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ट्रक क्रमांक सीजी 13 एके 0168 एवं ट्रक क्र. सीजी 15 एके 0169 में आमगांव कोयला खदान से कोयला लोड़ करके बिलासपुर के लिए निकला है उक्त कोयला का फर्जी कागजात तैयार कर किसी अन्यत्र जगह खपाने ले जा रहे है। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने थाना प्रभारी सूरजपुर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

थाना सूरजपुर की पुलिस टीम ने मानी चौक में नाकाबंदी लगाकर वाहनों की चेकिंग की इस दौरान उक्त दोनों ट्रक वहां पहुंचे जिसकी तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड पाया गया। ट्रक को चालक सोनू भाट पिता ननहक भाट उम्र 36 वर्ष निवासी दिनदयाल अपाटमेंट धमरापुर चौक रायगढ़ एवं मोहम्मद सद्दाम अंसारी पिता मोहम्मद सनीप अंसारी उम्र 29 वर्ष निवासी टोरी, थाना चंदवा, जिला लातेहार बिहार चला रहे थे। पूछताछ पर बताए कि आमगांव कोयला खदान से कोयला लोड़ किए है परन्तु उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में बटवाही लुण्ड्रा से सुन्दरगढ़ उड़ीसा के लिए कोयला

लोड़ अंकित होना पाया गया जो ट्रकों में लोड़ कोयला संदिग्ध एवं संज्ञेय अपराध से संबंधित होने के उचित संदेह होने पर धारा 102 जा.फौ. के तहत कार्यवाही कुल 58.65 मैट्रिक टन कीमत करीब 4 लाख 30 हजार रूपये का जप्त किया गया है। मामले की जांच के दौरान आमगांव खदान से मूल बिल्टी पर्ची दस्तावेज लिया गया जिसमें उक्त ट्रक चालकों के द्वारा 10 जून को कोयला लोड करके जेपी बीना थर्मल पावर व्हाया बिलासपुर जाना अंकित पाया गया परन्तु उक्त ट्रक चालकों के द्वारा मूल बिल्टी पर्ची की जगह पर बटवाही लुण्ड्रा सरगुजा का दस्तावेज तैयार करके सुन्दरगढ़ उड़ीसा का दस्तावेज अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर कूटरचना करके उड़ीसा ले जा रहे थे जो आरोपियों का कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादसं. क तहत पाए जाने पर अपराध क्रमांक 246/23 पंजीबद्ध दोनों ट्रक व कोयला जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक अदीप प्रताप सिंह, विवेकानंद सिंह, जयप्रकाश तिवारी, आरक्षक रवि पाण्डेय व रौशन सिंह सक्रिय रहे।

लंबे समय से चल रहा खेल एसईसीएल व कोयला व्यापारी की भूमिका संदिग्ध

पुलिस गंभीरता से मामले की जांच करे तो कई तथ्य सामने आ सकते है सूत्रों की माने तो इस तरह का खेल लंबे समय से कोयला कारोबारी पुलिस व इस ई सी एल के अधिकारियों की मिली भगत से चल रहा था। पुलिस इस मामले को गंभीरता से जांच करे तो कई तथ्य खुल कर सामने आ सकते है।

किसी भी सूरत में अवैध कार्य नहीं होगा बर्दास्त नवागत पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला अपने मातहतो को स्पष्ट निर्देश दिए है। की किसी भी हाल में अवैध कारोबार बर्दास्त नही किए जाएंगे यदि यैसे कृत्य की जानकारी मिलती है तो तत्काल कार्यवाही करे अन्यथा संबंधित थानेदार जिम्मेदार होंगे । लापरवाही पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

अब ट्रंप की गिरफ्तारी फिर रिहाई, क्या होगा पूर्व राष्ट्रपति का राजनीतिक भविष्य?

नई दिल्ली, 14 जून 2023। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को गोपनीय दस्तावेज से जुड़े आपराधिक मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रंप इस मामले में मियामी की अदालत में पेश होने पहुंचे थे। हालांकि, सुनवाई के बाद उन्हें बिना शर्त कोर्ट से बाहर जाने की अनुमति दे दी गई।

यह घटनाक्रम उस वक्त हुआ जब अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मी बढ़ने लगी है। ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी से आते हैं और इसमें भी राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की होड़ शुरू हो गई है। ऐसे में ट्रंपके राजनीतिक भविष्य से जुड़े कई सवाल खड़े होने लगे हैं। आइये जानते हैं कि ट्रंप की पेशी के दौरान कोर्ट में क्या हुआ? आरोपों पर ट्रंप ने क्या प्रतिक्रिया दी? अब उनके लिए आगे क्या है? क्या वह राष्ट्रपति चुनाव लड़ पाएंगे?

ट्रंप की पेशी के दौरान कोर्ट में क्या हुआ?

दो महीने में दूसरी बार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंपपर आपराधिक आरोप लगाए गए। इस बार मामला जुड़ा था उनके पद छोड़ने के बाद शीर्ष गुप्त दस्तावेजों के अवैध कब्जे से। इसी सिलसिले में सुनवाई का सामना करने के लिए ट्रंप दोपहर में मियामी पहुंचे और कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसके बाद उन्हें कोर्ट में ही गिरफ्तार कर लिया गया। सुनवाई के बाद उन्हें बिना शर्त कोर्ट से बाहर जाने की अनुमति भी दे दी गई।

अदालत में ट्रंप ने कहा कि गोपनीय दस्तावेज के मामले में वह दोषी नहीं हैं। ट्रंप ने गोपनीय दस्तावेजों से कथित छेड़छाड़ से संबंधित 37 आरोपों में दोषी नहीं होने का दावा किया। सुनवाई के दौरान मजिस्ट्रेट जज जोनाथन गुडमैन ने कहा कि ट्रंप अपने सहयोगी वॉल्ट नॉटू के साथ मामले के बारे में बात नहीं कर सकते। न्यायाधीश ने अभियोजकों को संभावित गवाहों की एक सूची तैयार करने के लिए भी कहा, जिनके साथ डोनाल्ड ट्रंप मामले के संबंध में बातचीत नहीं कर सकते। वह इन गवाहों के साथ सिर्फ वकील के जरिए बातचीत कर सकते हैं।

आरोपों पर ट्रंप ने क्या कहा?

सुनवाई के दौरान ट्रंप ने बार-बार किसी भी अवैध काम करने के आरोपों को नकारा। अदालत जाने से पहले, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा था, आज हमारे देश के इतिहास में सबसे दुखद दिनों में से एक है। हमारा देश पतन की ओर है!

ट्रंप के लिए आगे क्या रास्ते?

ट्रंप की दलील के बाद वकीलों के पास आरोपों की समीक्षा करने और आरोपों को खारिज करने की मांग सहित मामले के संबंध में प्रस्ताव बनाने का अवसर होगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रायल की तारीख कब होगी, लेकिन कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि फ्लोरिडा के दक्षिणी जिले में यह जल्द ही शुरू हो सकता है। जिले को रॉकेट डॉकेट कोर्ट के रूप में जाना जाता है। बता दें कि कानूनी पेशेवरों द्वारा यह शब्द उन स्थानों के लिए इस्तेमाल किया जाता है जहां बहुत जल्द ट्रायल शुरू होता है।

यहां के एक पूर्व संघीय अभियोजक वाल्टर नोरकिन कहते हैं, आप एक अभियोग जारी होने के छह महीने के भीतर एक आपराधिक मामले को हल करने की उम्मीद कर सकते हैं। आगे नोरकिन कहते हैं, फ्लोरिडा के दक्षिणी जिले में जज स्पीडी ट्रायल की समयसीमा का बहुत सख्ती से पालन करते हैं, जिसमें कुछ अपवादों को छोड़कर 70 दिनों के भीतर ट्रायल या सजा की आवश्यकता होती है।

इस बीच, विशेष वकील जैक स्मिथ ने कहा कि उनका कार्यालय सार्वजनिक हित और अभियुक्तों के अधिकारों के अनुरूप एक जल्द ट्रायल के लिए दबाव डालेगा। उन्होंने कहा, इस मामले में बचाव पक्ष को अदालत में दोषी साबित होने तक निर्दोष माना जाना चाहिए।

क्या ट्रायल के दौरान ट्रंप प्रचार कर सकेंगे?

ट्रंप ने कहा है कि वह रिपब्लिकन पार्टी के लिए प्रचार करना जारी रखेंगे भले ही अदालती मामले और जांच जारी है। उन्होंने कई रैलियों, अभियान और बयानों में अपनी जांच के बारे में खुलकर बात की है। इसके अलावा वह प्रचार से धन भी जुटा रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, संघीय जांच की समय सारिणी उनके प्रमुख अभियान कार्यक्रमों को प्रभावित कर सकती है। रिपब्लिकन पार्टी ने फिलहाल 23 अगस्त के लिए अपनी पहली अध्यक्षीय बहस निर्धारित की है। ट्रंप ने अभी संकेत नहीं दिया है कि क्या वह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

2020 रष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप को लेकर जॉर्जिया में भी उनके खिलाफ जांच चल रही है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के खिलाफ आरोप लगाए जा सकते हैं या नहीं। वहीं, मैनहट्टन में ट्रंप के मामले का ट्रायल मार्च 2024 में शुरू होगा।

क्या गिरफ्तारी के बाद ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव लड़ पाएंगे?

यदि अदालत द्वारा ट्रंप को दोषी पाया जाता है, तो भी वह कानूनी रूप से राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकेंगे। दरअसल अमेरिकी संविधान के लिए केवल यह आवश्यक है कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार अमेरिकी नागरिक हों जो कम से कम 35 वर्ष के हों और 14 वर्षों से देश में रह रहे हों। नियमों के मुताबिक, राष्ट्रपति के लिए दोषी अपराधी या यहां तक कि सलाखों के पीछे रहकर भी चुनाव लड़ने के लिए कोई कानूनी बाधा नहीं है।

भूटान में शुरू होगी क्रिप्टो माइनिंग, अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाना है मकसद

थिम्पू, 14 जून 2023। आधुनिक अर्थव्यवस्था बनने की कोशिश में भूटान ने क्रिप्टोकरेंसी की सहायता लेने का मन बनाया है। इसके लिए भूटान सरकार ने सिंगापुर स्थित कंपनी बिटडियर टेक्नोलॉजी ग्रुप से करार किया है। ये कंपनी भूटान में बिटकॉइन के लिए 600 मेगावाट का माइनिंग फार्म तैयार करेगी। बिटकॉइन सबसे प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी है।

बिटडियर ने इस प्रोजेक्ट के लिए 50 करोड़ डॉलर अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से जुटाने की मुहिम शुरू की है। परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से कहा कि धन जुटाने का काम शुरू हो चुका है। इस परियोजना के लिए बिटडियर के साथ भूटान सरकार की निवेश कंपनी ड्रुक होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट्स (डीएचआई) ने करार किया है। डीएचआई के सीईओ उज्ज्वल दीप दहल ने कहा है कि भूटान के सामने भौगोलिक कठिनाइयां हैं। यह चारों तरफ से जमीन से घिरा देश है। लेकिन भूटान के पास हरा-भरा पर्यावरण और सस्ती बिजली के स्रोत हैं। इस कारण उसके पास डिजिटल संपत्तियों में निवेश का बेहतर अवसर है। दहल ने कहा- ऐसा करने से तेजी से विकसित हो रही तकनीक के बारे में स्थानीय लोगों की जानकारी बढ़ेगी और साथ ही उनका इससे जुड़ाव भी बनेगा। इससे भूटानवासी आधुनिक विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी निभा सकेंगे।

भूटान ने क्रिप्टो माइनिंग की इजाजत देने का उस समय फैसला किया है, जब इसे लेकर दुनिया भर में कई तरह के विवाद हैं और कई हलकों से चिंताएं जताई गई हैं। इसमें बिजली की ज्यादा खपत और पर्यावरण के लिए संभावित नुकसान के कारण चीन सहित कई देशों में इस पर रोक लगाई जा चुकी है। लेकिन भूटान सरकार के सूत्रों का कहना है कि उनके देश की समस्याएं अलग हैं।

भूटान की अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी से पहुंचे नुकसान से अभी भी उबर नहीं पाई है। 2020 में भूटान की अर्थव्यवस्था 10 फीसदी सिकुड़ गई थी। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट आई है, मैनुफैक्चरिंग और पर्यटन उद्योग बैंकों से लिए कर्ज को चुका नहीं पा रहे हैं और नौजवानों में बेरोजगारी की दर 29 फीसदी तक पहुंच चुकी है।

इन्हीं हालात के बीच क्रिप्टो माइनिंग की शुरुआत की खबर आई है। बिटडियर कंपनी के अधिकारियों ने कहा है कि भूटान के पास पनबिजली का समृद्ध स्रोत है। इसलिए क्रिप्टो माइनिंग के लिए यह सटीक जगह है। बिटडियर के अध्यक्ष जिहान वू ने निक्कईएशिया से कहा- 'डीएचआई के साथ मिल कर काम करने को लेकर हम बहुत रोमांचित हैं। भूटान की अर्थव्यवस्था में कार्बन का उत्सर्जन शून्य है। इसलिए वहां ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस रूप में विकास हो सकता है, जिसका एक वैश्विक भंडारण मूल्य होगा।' क्रिप्टो का कारोबार ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के जरिए ही होता है।

जानकारों के मुताबिक 100 मेगावाट के साथ क्रिप्टो माइनिंग की शुरुआत इस साल सितंबर में हो जाएगी। अगले तीन साल में यह मात्रा 600 मेगावाट तक पहुंच जाएगी। क्रिप्टो माइनिंग संचालक कंपनी को बिजली कारोबारी आधार पर बेची जाएगी। भूटान के पास 2,400 मेगावाट बिजली पैदा करने की क्षमता है। इसमें से ज्यादातर हिस्से को अभी वह भारत या म्यांमार को बेचता है।

चीन से फिर कर्ज लेकर चीन का ही ऋण चुकाएगा पाकिस्तान!

इस्लामाबाद, 14 जून 2023। पाकिस्तान सरकार ने चीन से पुराने कर्ज की रिस्ट्रक्चरिंग के लिए कहने के बजाय उससे नए कर्ज की मांग कर दी है, ताकि वह उसके ही पुराने कर्ज को चुका सके। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान से कहा था कि वह द्विपक्षीय कर्जदाताओं से कर्ज रिस्ट्रक्चरिंग करने को कहे। इसका मतलब कर्ज के रूप में ली गई रकम में एक हिस्से की माफी और बाकी कर्ज लौटने की समयसीमा में रियायत है। दो रोज पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशहाक डार ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि पाकिस्तान सरकार विदेशी कर्ज की रिस्ट्रक्चरिंग के लिए बातचीत अब प्राथमिकता के आधार पर शुरू करेगी।

अब खबर है कि चीन से उसने मैच्योर हो रहे 1.3 बिलियन डॉलर कर्ज को चुकाने के लिए चीन से नई सहायता मांगी है। वित्त मंत्री डार ने इस्लामाबाद स्थित चीनी दूतावास में वित्तीय मामलों के प्रभारी पांग चुनशुए से यहां मुलाकात की। इसी दौरान उन्होंने दो चीनी कर्जों को चुकाने के लिए नई वित्तीय सहायता मांगी। ये दोनों ऋण अगले दो से तीन हफ्तों के अंदर मैच्योर होने वाले हैं। पर्यवेक्षकों के मुताबिक चीन के सामने इस गुहार का मतलब है कि पाकिस्तान सरकार का आईएमएफ से ऋण मिलने का भरोसा अब पूरी तरह टूट गया है। इसे देखते हुए उसने रिस्ट्रक्चरिंग का प्रस्ताव चीन के सामने ना रखने का मन बनाया है, जिससे चीन के नाराज होने का अंदेशा था।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक चीन ने आश्वासन दिया है कि वह दोनों कर्जों को चुकाने के लिए नए कर्ज देगा। इस तरह पाकिस्तान चीनी कर्ज के मामले में डिफॉल्ट करने से बच जाएगा। पाकिस्तान को बैंक ऑफ चाइना का 30 करोड़ डॉलर का कर्ज दो हफ्तों के अंदर चुकाना है। तीन हफ्तों के अंदर उसे चाइना डेवलपमेंट बैंक का एक बिलियन डॉलर का कर्ज चुकाना है।

फिलहाल पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में 3.9 बिलियन डॉलर ही बचे हैं। ऐसे में अगर चीन ने जल्द ही नया कर्ज नहीं दिया, तो पाकिस्तान के सामने विदेशी मुद्रा का संकट बहुत गंभीर रूप ले लेगा। चीनी अधिकारी से डार की मुलाकात के बाद वित्त मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि डार ने चीनी अधिकारी को आईएमएफ से चल रही बातचीत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईएमएफ ने पाकिस्तान सरकार के छह बिलियन डॉलर का नया कर्ज जुटाने की शर्त में छूट के अनुरोध को ठुकरा दिया है। जबकि पाकिस्तान अपने चालू खाता घाटे में कटौती करने में सफल रहा है, लेकिन उससे आईएमएफ संतुष्ट नहीं है। वह अभी भी कह रहा है कि अगर पाकिस्तान को उससे कर्ज हासिल करना है, तो उसे अन्य स्रोतों से छह बिलियन डॉलर का नया कर्ज जुटाना होगा।

भारत-नेपाल में बिजली व्यापार के लिए दीर्घकालिक समझौते का साफ हुआ रास्ता

काठमांडो, 14 जून 2023। भारत और नेपाल के बीच दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर अगले हफ्ते दस्तखत हो जाएंगे। इस समझौते को लेकर हाल में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की भारत यात्रा के दौरान सैद्धांतिक सहमति बनी थी। दहल ने प्रस्तावित करार को अपनी एक बड़ी उपलब्धि माना है। इसके तहत भारत अगले दस साल तक नेपाल से दस हजार मेगावाट बिजली खरीदेगा।

दहल ने इस बारे में अपनी नई दिल्ली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की थी। उसके बाद बीते दो जून को दोनों देशों के ऊर्जा सचिवों के बीच आरंभिक समझौते पर दस्तखत हुआ था। लेकिन तब बताया गया था कि चूंकि भारत सरकार ने इस समझौते को अंतिम मंजूरी देने की प्रक्रिया पूरी नहीं की है, इसलिए पूरा समझौता तब नहीं हो सका था। नेपाल सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को अखबार काठमांडू पोस्ट से बातचीत में कहा- 'अब दोनों पक्षों ने जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं।'

काठमांडू पोस्ट के मुताबिक संभव है कि अगले 18 जून को इस समझौते पर दस्तखत हो जाए। इसके लिए नेपाल के ऊर्जा सचिव दिनेश कुमार घिमिरे नई दिल्ली जाएंगे। प्रधानमंत्री दहल ने पिछले 31 मई से तीन जून तक भारत की यात्रा की थी। उस दौरान कई समझौते हुए थे और दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते को लेकर सहमति बनी थी।

नेपाल के ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मधु कुमार भेटवाल के मुताबिक प्रस्तावित समझौता एक मोटी सहमति जैसा होगा। उन्होंने कहा- 'हालांकि इसमें दस साल तक भारत को बिजली निर्यात करने का प्रावधान है, लेकिन इसे कभी भी जरूरत के मुताबिक बदला जा सकेगा।' भेटवाल ने कहा कि समझौते के तहत प्रावधानों में लचीलापन रखा गया है, ताकि अगर भविष्य कभी जरूरी महसूस हो, तो प्रावधानों को बदला जा सके। भेटवाल ने कहा कि दोनों देशों के बीच बनी समिति ने इसी तरह के समझौते का सुझाव दिया था। इस समिति के सह-अध्यक्ष दोनों देशों के ऊर्जा सचिव हैं।

सड़क पर घूम रही भारतीय मूल की छात्रा और उसके दोस्तों पर चाकू से हमला, हुई मौत, हिरासत में आरोपी

लंदन, 14 जून 2023।

भारतीय मूल की छात्रा की इंग्लैंड में मौत हो गई। छात्रा एक बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी थी। मध्य इंग्लैंड के नॉटिंघम की सड़क पर हुई चाकूबाजी में भारतीय मूल की छात्रा की मौत हुई है। इसके अलावा दो अन्य लोगों ने भी अपनी जान गंवाई है। जानकारी के अनुसार, भारतीय मूल की ग्रेस ओ मल्ली (19) अपनी दोस्त बरनबी वेबर (19) के साथ थीं, तभी आरोपियों ने मंगलवार तड़के उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के कारण मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

मामले की जांच जारी है

नॉटिंघमशायर पुलिस ने बताया कि 31 साल के संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी पहले भी हमले कर चुका है। नॉटिंघमशायर पुलिस के मुख्य हवलदार केट मेनेल ने बताया कि हम खुले दिमाग से केस की जांच कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में जिस तरह की जांच होती है, हम वैसे ही जांच कर रहे हैं। काउंटर टेररिज्म पुलिसिंग की मदद से तथ्यों को स्थापित करने की कोशिश है। जासूसों की एक स्पेशल टीम मामले की जांच कर रही है। जल्द ही हम कुछ दिनों में सबूत इकट्ठे कर लेगें।

हॉकी के साथ-साथ क्रिकेट खिलाड़ी भी मृतका

लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभी तक आधिकारिक रूप से पीड़ितों की सूची नहीं आई है। हालांकि, नॉटिंघम विश्वविद्यालय ने अपने दो छात्रों की मौत की पुष्टि की है। कहा जा रहा है ग्रेस भारतीय मूल के एक ब्रिटिश डॉक्टर की बेटी हैं। उनके पिता ने 2009 में चाकू पीड़ित किशोरों की जान बचाई थी, जिस वजह से उन्हें हीरो भी कहा जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रेस ने इंग्लैंड की ओर से हॉकी में अंडर-18 भी खेला है। इसके पहले वह बेहतरीन क्रिकेटर भी रह चुकी हैं। इंग्लैंड हॉकी ने ग्रेस की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया था। यहां उन्होंने कहा कि नॉटिंघम में मंगलवार को ग्रेस की मौत हो गई, इससे हम सब बहुत दुखी हैं। वहीं, वुडफोर्ड-वेल्स क्रिकेट क्लब ने कहा कि ग्रेस कठोर, प्रतिभाशाली और समर्पित क्रिकेट खिलाड़ी थीं।

कुलपति ने जताया दुख

विश्वविद्यालय के कुलपति शीयर वेस्ट ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नॉटिंघम सिटी सेंटर में हुए हमले में हमारे विश्वविद्यालय के दो छात्रों की मौत हो गई। इससे पूरा विश्वविद्यालय सदमे में है। इस कठिन समय में विश्वविद्यालय परिवार मृतकों के परिजनों और उनके दोस्तों के साथ है। दुख की इस घड़ी में विश्वविद्यालय संवेदनाएं व्यक्त करता है।

भारतीय मूल की महिला पर साथ रहने वाले ब्राजीलियन युवक ने चाकू से किया हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

लंदन, 14 जून 2023। इंग्लैंड में एक और भारतीय की हत्या हो गई। भारतीय मूल की महिला का शव उसके फ्लैट से ही बरामद किया गया है। पुलिस ने साथ में रहने वाले एक ब्राजीलियन युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने चाकू मारकर भारतीय की जान ले ली। एक लोकल मीडिया के मुताबिक, मृतका की पहचान कोंथम तेजस्विनी (27) के रूप में हुई है, जो हैदराबाद की मूल निवासी है। हालांकि, पुलिस ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है।

पिता बोले- शादी होने वाली थी

तेजस्विनी के पति ने बताया कि हम हैदराबाद के हयातनगर में रहते हैं। बुधवार सुबह हत्या के बारे में जानकारी मिली। मास्टर डिग्री के लिए वह तीन साल पहले लंदन गई थी। पिछले साल अगस्त में वह घर आई थी और अब शादी के कारण दोबारा आने वाली थी। वह एक नौकरी भी करती थी, जिससे उसने रिजाइन भी दे दिया था। पुलिस ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक ब्राजील का रहने वाला है, जिसका नाम केविन एंटोनियो लॉरेंसो जी मॉरिस (25) है। वहीं इसके अलावा 23 और 24 साल के दो अन्य आरोपियों को भी पकड़ा गया है। तेजस्विनी के चचेरे भाई विजय ने बताया कि एक सप्ताह पहले डी मॉरिस महिला के साथ रहने के लिए शिफ्ट हुआ था।

जल्द सुलझा दिया जाएगा मामला

लंदन की एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लिंडा ब्रेडली ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे आरोपी ने हमला किया था। हमले में एक और महिला को चाकू लगा था, जो अस्पताल में भर्ती है। हालांकि, वह खतरे से बाहर है। जनता मामले में पुलिस की मदद कर रही है। मैं उन्हें भरोसा दिलाना चाहती हूं कि एक्सपर्ट्स की टीम लगातार काम कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एक और भारतीय की मौत

मध्य इंग्लैंड के नॉटिंघम की सड़क पर हुई चाकूबाजी में भारतीय मूल की छात्रा की मौत हो गई। इसके अलावा दो अन्य लोगों ने भी अपनी जान गंवाई। जानकारी के अनुसार, भारतीय मूल की ग्रेस ओ मल्ली (19) अपनी दोस्त बरनबी वेबर (19) के साथ थीं, तभी आरोपियों ने मंगलवार तड़के उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के कारण मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

भारत-अमेरिका व्यापार व प्रौद्योगिकी साझेदारी का विस्तार करेगी मोदी की अमेरिका यात्राः रायमोंडो

वॉशिंगटन, 14 जून 2023। अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने कहा है कि अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा भारत-अमेरिका की वाणिज्यिक और रणनीतिक प्रौद्योगिकी भागीदारी को आगे बढ़ाने का अवसर होगी. राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन 22 जून को वॉशिंगटन डीसी में राजकीय अतिथि के रूप में मोदी का स्वागत करेंगे. वह उसी दिन अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे. राष्ट्रपति और प्रथम महिला बाद में रात्रि भोज में मोदी की मेजबानी भी करेंगे. रायमोंडो ने अमेरिका-भारत व्यापार परिषद की वार्षिक भारत विचार शिखर बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारी सरकारों के बीच रक्षा, सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष सहित वाणिज्यिक और रणनीतिक प्रौद्योगिकी भागीदारी को बढ़ाने का अवसर होगा. रायमोंडो भारत-अमेरिका संबंधों की समर्थक मानी जाती हैं। वह और केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी के विकास और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं.

नपा में पेयजल से तरस रहे आमजनों को विधायक बोलते है नपा कर्मचारियों को झाड़ू से पीटो पुलिस कुछ नहीं करेगी:श्याम बिहारी जायसवाल

- भ्रष्टाचार करने से फुर्सत मिले तब न विधायक और महापौर जनता सहित निगम कर्मचारियों की सुध लेंगे: श्याम बिहारी जायसवाल
- सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं और पुरषों ने निगम का घेराव करते हुए जमकर विधायक और महापौर के खिलाफ की नारेबाजी
- निगम क्षेत्र की 6 सूत्रीय जनसुविधा की मांगो को लेकर बीजेपी ने नगर निगम कार्यालय के सामने किया धरना प्रदर्शन एवं घेराव

-रवि सिंह -
चिरमिरी,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

चुनाव जीतने के लिए नेताओं को चुनाव पूर्व काफी गंभीर देखा जाता है जनसरोकार जैसे मामलों में और प्रायः देखा जाता है की चुनाव पूर्व नेता काफी सक्रिय होकर एवम जनता से सीधा संवाद कर लोगों को उनकी मूलभूत सुविधाओं के लिए आश्वासन देते हैं और उस समय जनता भी नेताओं पर विश्वास कर लेती है और जिसका मलाल उन्हे तब होता है जब वही नेता निर्वाचित होकर अपनी ही दुनिया में खो जाते हैं और उन्हे निर्माण और पैसा बनाने के अन्य उपायों के अलावा जन सरोकार कहीं नजर नहीं आता और वह सभी कुछ भूल जाते हैं।

ऐसा ही मामला है चिरमिरी क्षेत्र का जहां वर्तमान विधायक की बात करें या फिर विपक्ष के कुछ नेताओं की सभी चिरमिरी को चुनाव पूर्व काफी आश्वासन देते देखे गए और सबसे गंभीर जो चिरमिरी में समस्या है गर्मी के दिनों में पानी की समस्या उसको लेकर किसी ने पानी का टैंकर घर घर चुनाव पूर्व भिजवाया तो किसी ने चिरिमिरी के विभिन्न जल स्त्रोतों जिसे आम लोग अपनी भाषा में तुर्रा भी कहते है के संरक्षण और उसके उचित उपयोग को लेकर आश्वासन दिया और चुनाव पूर्व यह सभी कुछ चिरमिरी क्षेत्र की जनता ने सुना देखा और विश्वास कर एक को अपना जनप्रतिनिधि यह सोचकर निर्वाचित किया की कम से कम वह प्राकृतिक जल स्त्रोतों के भरोसे ही सही घर घर जल की व्यवस्था तो करेंगे और लोगों को गर्मी में पानी की किल्लत से निजात मिलेगी। वर्तमान विधायक ही थे जिन्होंने चुनाव पूर्व काफी अधिक बात प्राकृतिक जल स्त्रोतों को लेकर को थी जिसे उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा कर क्षेत्र के लोगों को विश्वास दिलाया था की उनको जल आपूर्ति में समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा और लोगों ने भी विश्वास के साथ उनपर भरोसा किया था जो चुनाव जीतने के पांचवे साल बाद भी पूरा होता नजर नहीं आया और आज क्षेत्र में जल आपूर्ति की स्थिति यह है की एसईसीएल की तरफ से आपूर्ति में जैसे ही दिक्कत खड़ी हुई क्षेत्र पेयजल तक के लिए तरस रहा है और लोग पानी के लिए परेशान नजर आ रहे हैं। जल आपूर्ति को लेकर पानी की किल्लत को लेकर विपक्षी दल भाजपा ने एक दिवसीय धरना दिया जिसमे नगर निगम कार्यालय के समक्ष उपस्थित होकर धरना दिया और जल आपूर्ति निर्बाध रूप से हो इसकी मांग की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह, रामलखन सिंह, प्रदीप सलूजा, संजय सिंह, अरुणोदय पाण्डेय, कीर्ति वासो, श्रीमती नीलम सलूजा, श्रीमती गौरी हथगेन, राधेश्याम अग्रवाल, श्रीमती रीता आइच, श्रीमती इंदु पनेरियां, श्री मनोज जैन, अभय जायसवाल, श्रीमती मुनमुन जैन, रघुनंदन यादव ने भी विधायक व महापौर को मंच से जमकर कोसा। इस कार्यक्रम में मनेंद्रगढ़ विधानसभा प्रभारी मनोज शर्मा, पूर्व महापौर डंबरू बेहरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनेंद्रगढ़ धर्मेंद्र पटवा, जिला महामंत्री वीरेंद्र सिंह राणा, कोषाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, समाउद्दीन सिद्धिकी, धर्मेंद्र त्रिपाठी, मनोज डे, कपिल राजवाड़े, तेजानारायण सिंह, श्रीमती कमला गढ़देवा, पतिराज सिंह, तहसीलदार यादव, श्रीमती रानी गुप्ता, मुन्नू सिंह, सुशील सिंह, मनीष खटीक, सोनू दुबे, भानु गंगवाल, राजू नायक, रीत जैन सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता महिला एवं पुरुष उपस्थिति रहे।

न तो किसी पानी वाले बाबा का टैंकर सेवा दे रहा और न ही बड़ी बड़ी घोषणा करने वाले विधायक की योजना

आज चिरमिरी में न तो किसी पानी वाले बाबा का टैंकर सेवा दे रहा है और न ही बड़ी बड़ी घोषणा करने वाले विधायक की ही योजना जो प्राकृतिक जल स्त्रोतों को लेकर की गई थी जल आपूर्ति के लिए वही कहीं नजर आ रही है नजर आ रहा है तो लोगों का पानी का डिब्बा नजर आ रहा है जो कतारों में नजर आ रहा है और जिसे जहां से थोड़ा भी पानी मिल पा रहा है वह जुटाने में ही नजर आ रहा है। निर्वाचित विधायक जिनके पास ही नगर निगम की भी कमान है वह भी जल आपूर्ति मामले में पूरी तरह असफल नजर आ रहें हैं और केवल उनका ध्यान निर्माण कार्यों की ही तरफ है जो दिख भी रहा है। कुल मिलाकर ज्यादा से ज्यादा निर्माण कार्य कर ज्यादा से ज्यादा लाभ की मंशा मात्र पांच सालों के कार्यकाल में नजर आई जो इस भीषण गर्मी में जल आपूर्ति की किल्लत से साफ तौर पर समझ में आई।

भ्रष्टाचार करने से फुर्सत मिले तब न विधायक और महापौर को

पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने भाजपा चिरमिरी मंडल के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व निगम घेराव के दौरान उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा की भ्रष्टाचार करने से फुर्सत मिले तब न विधायक और महापौर चिरमिरी की जनता सहित निगम कर्मचारियों की सुधि लें पायेंगे।। उन्होंने आरोप लगाते हुए आगे कहा की सेनेटाइजर, राशन, कोयला, कबाड़, अवैध बार संचालन और तो और विधायक के भाई के द्वारा बिना रोड बनाए ही रोड निर्माण की राशि का गबन कर लिया गया है। पूरा परिवार केवल एक सूत्रीय कार्य केवल अवैध रूप से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में लगा हुआ है। ऐसे विधायक और महापौर क्षेत्र के जनमानस से जुड़े जनहित के मुद्दों के प्रति गैर जिम्मेदार होना कोई अतिश्योक्ति नहीं है। एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमे मनेंद्रगढ़ नगर पालिका में पेयजल से तरस रहे अमजानो को विधायक बोलते है की नगर पालिका के कर्मचारियों को झाड़ू से पीटो पुलिस कुछ नही करेगी। अरे विधायक जी आप हर जगह घूमते है और कहते है की हमने घर घर पेयजल पहुंचा दिया है, फिर क्षेत्र के लोग शुद्ध पानी के लिए क्यू तरस रहे है। अरे निगम के छोटे कर्मचारियों का इसमें क्या दोष है? दोष है तो आपका है आपने कागजों में काम दिखा दिया जमीनी स्तर पर कोई काम नही हुआ। क्षेत्र में चल रहे नल जल योजना अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

जलापूर्ति में हुआ जमकर भ्रष्टाचार,पानी के समस्या हुई विकराल

भाजपा ने आरोप लगाते हुआ कहा की जलापूर्ति जीआई पाइप का निर्धारित मानक से कम गेज-वजन का होना पाया जा रहा है। साथ ही सतही जमीनी में उसे लगभग 2 फीट नीचे दबाए जाने की अपेक्षा मात्र 6 इंच खोद कर दबाया जा रहा है। इसके साथ ही पाईप लाईन विस्तार का कार्य पूर्णता में काफी विलंब हो रहा है, कांग्रेस की भ्रष्ट प्रदेश व निगम सरकार को आज साढ़े 4 साल बीतने को है लेकिन घर घर पेयजल पहुंचाने की इनकी कोई मंशा नजर नहीं आ रही है। चिरमिरी क्षेत्र में नगर निगम के द्वारा मटमैला और दूषित पेयजल आपूर्ति विगत डेढ़ माह से निरंतर किया जा रहा है। गंदा पानी मिलने के कारण क्षेत्र के आम जनता को कई तरह की तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। आंखिर नगर निगम को पानी शुद्ध करने के लिए जो भी सामग्री करोड़ों की मिल रही है उसका इस्तेमाल कहा हो रहा है, क्या कागजों में ही केवल पेयजल शुद्धि के सामग्रियों का खरीदी हो रहा है। नगर पालिक निगम के विभिन्न विभागों में रीड की हड्डी के रूप में कार्य करने वाले ठेका मजदूरों का वेतन भुगतान मार्च से जून 2023 का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। जिसके कारण मजदूरों के परिवारों के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। क्या निगम कंगाल हो चुका है जो कर्मचारियों के पेमेंट नही कर पा रही है,यह भी आरोप विपक्ष ने लगाए।

विधायक के भाई के द्वारा निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार पर सम्बंधित विभाग मौन क्यों?

श्री जायसवाल ने आगे कहा की विधायक के भाई डामर प्लांट लगाए है उनको रोजगार देने के लिए सभी तरफ डामरीकरण का टेंडर किया गया। लेकिन उसमे भी भ्रष्टाचार करने से ये नही चूक रहे है, निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर डामरीकरण कार्य बेहद गुणवत्ता विहीन किया गया है,निर्धारित मानकों के अनुरूप न तो डामर का उचित मात्रा प्रयोग किया गया और न ही निर्धारित स्तर पर डामरीकरण का लेवल, साथ ही नियम विरुद्ध रूप से सीसी रोड के ऊपर भी डामरीकरण कार्य किया जाना पाया गया है। इस तरह का भ्रष्टाचार निगम और जनप्रतिनिधि के बीच बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रहा है, जिसकी उचित जांच किया जाना आवश्यक है।

जितनी योजना निगम के माध्यम से चलाई जा रही, उसका लाभ केवल कांग्रेसी पार्षद के वार्डो को मिल रहा

उन्होंने आगे कहा है की नगर निगम चिरमिरी के कांग्रेस महापौर और सभापति बहुमत के साथ विराजमान हैं, जिसके कारण भाजपा के पार्षदों के वार्डो में किसी प्रकार के विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। जितनी भी योजना निगम के माध्यम से चलाई जा रही हैं उसका लाभ केवल कांग्रेसी पार्षद के वार्डो को ही मिल रहा है इस प्रकार विकास कार्यों में भेदभाव पूर्ण रवैया कभी भाजपा की 15 साल की सरकार में नही हुआ। मुझे काफी दुःख होता है की इसी मुद्दे पर वार्ड क्रमांक अट्ठारह के पार्षद द्वारा आत्मदाह की चेतावनी भी निगम को दी गई है। लेकिन महापौर का अड़ियल रवैया कायम है, काम नही होने देने का यह कृत्य काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके साथ ही निगम अंतर्गत आने वाले वृद्धा व विधवा पेंशन के हितग्राहियों को महीनों का इंतजार को करना पड़ रहा है। इसके उपरांत सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति महिलाओं और पुरषों ने निगम का घेराव करते हुए जमकर विधायक और महापौर के खिलाफ नारेबाजी की गई। जिसके बाद निगम कमिश्नर सुश्री लवीना पाण्डेय ने भाजपा के द्वारा की गई मांगो पर जानकारी प्रदान की गई साथ ही उन्होंने कहा की मांगो का 15 दिवस में निराकरण कराया जायेगा। साथ ही भ्रष्टाचार की जो बात संज्ञान में आयी है उनकी जांच की जायेगी।

सामाजिक संगठन रजा यूनिटी फाउंडेशन का कोरिया का हुआ गठन,मोहम्मद कलीम होगे कोरिया के जिलाध्यक्ष

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

रविवार की शाम बाद नमाजे ईशा जामा मस्जिद परिसर बैकुंठपुर में सुन्नी मुस्लिमों द्वारा जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, इस बैठक में मुस्लिम समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना, युवाओं को स्वरोजगार के लिए आत्म निर्भर बनाना, समाज में गरीबी उन्मूलन व शांति सद्भाव जैसी कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके पश्चात मस्जिद के पेश इमाम हाफिज व कारी मोहम्मद आरिफ साहब की अध्यक्षता में तथा कोरिया जिले के सुन्नी मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में सामाजिक संगठन रजा यूनिटी फाउंडेशन का कोरिया में गठन किया गया। जिसमे सर्व सहमति से बैकुंठपुर निवासी मोहम्मद कलीम रिटायर्ड आर्मी को रजा यूनिटी फाउंडेशन कोरिया का अध्यक्ष एवं बैकुंठपुर निवासी अधिवक्ता नूर मोहम्मद को सचिव चुना गया। तथा पटना निवासी हफीज अहमद को मीडिया प्रभारी, समशेद खान रिक्की को सोशल मीडिया प्रभारी चुना गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए मीर आलम एवं राशिद इफतेखारी को चुना गया तथा अधिवक्ता वसीम खान, एवं मोहम्मद सैफ को सह सचिव चुना गया। इस मौके पर उपस्थित समुदाय के लोगों ने नवगठित पदाधिकारियों को गले मिल कर मुबारकबाद पेश की।

अंबिकापुर से आए सामाजिक संगठन रजा यूनिटी फाउंडेशन के मुख्य मोहम्मद शादाब ने कहा कि समाज में नशा, शराब, जुआ, दहेज, घरेलु हिंसा जैसी बुराइयाँ आ गई है, उसे दूर कर मजबूत समाज का निर्माण करने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज को जो भी समस्याएं होगी उनका रजा यूनिटी फाउंडेशन टीम के द्वारा निवारण करने की पुरजोर कोशिश की जाएगी। इसी कड़ी में अधिवक्ता वसीम खान ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, शिक्षा मनुष्य के अंदर अच्छे विचारों को भरती है और अंदर में प्रविष्ठ बुरे विचारों को निकाल बाहर करती है। शिक्षा मनुष्य के जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है इसलिए हमे पढ़ना जरूरी है। इस दौरान मुख्य रूप से जामा मस्जिद के सेक्रेटरी मोहम्मद अनवारुल, नायब सदर मोहम्मद अख्तर, मंजरुल हक बिगना, इरफ़ान मेडिकल के डायरेक्टर इरफान खान, आसिफ सिद्दीकी, बिलाल खान, शानू खान, निशु खान, अयाज़ खान, इंजमाम फिरदौसी, इरशाद, ज़ैद फिरदौसी, इत्यादि उपस्थित रहे।

क्या वाकई में प्रशासनिक अधिकारी अपनी सीमाएं लांघ गए हैं जिसके कारण विपक्ष को मंच से करना पड़ रहा अमर्यादित शब्दों का प्रयोग?

- क्या प्रशासनिक अधिकारियों की पैरवी में सत्ता पक्ष के लोग इस कदर मशगुल हो गए हैं कि उन्हें अपने ही क्षेत्र की जनता की चिंता नहीं?
- भाजपा ने प्रशासनिक अधिकारियों पर उतारा गुस्सा,गुस्से में कुछ अमर्यादित शब्द भी आए बाहर
- अविभाजित कोरिया में प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली से रोष की स्थिति तो निर्मित नहीं
- भाजपा शासन काल में भी प्रशासन निरंकुश हुआ था तो कांग्रेसी भी मंच से प्रशासनिक अधिकारियों का घमंड चूर किया करते थे

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

अविभाजित कोरिया जिले में लगातार देखा जा रहा है प्रशासन निरंकुश होकर काम कर रहा है और आए दिन जिसके कारण अजीब सी स्थित निर्मित हो रही है, जिसमे विपक्ष प्रशासनिक अधिकारियों के लिए अमर्यादित शब्दों का भी प्रयोग कर रहा है और उन्हे चेता रहा है की आने वाले समय में हो सकता है सत्ता परिवर्तन हो और ऐसे में उन्हें फिर उन्ही से मुखातिब होना होगा और उन्ही से उनका आमना सामना होगा तब उनके लिए दिक्कत होगी।

अविभाजित कोरिया जिले में विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता चला आ रहा है की अधिकारी कर्मचारी अपनी सीमाएं लांघ चुके हैं और वह बेलगाम हो चुके हैं,विपक्ष का आरोप कितना सही और किन विषयों को लेकर है यह तो वही स्पष्ट रूप से बता सकेंगे लेकिन जो कुछ विपक्ष के मंचों से सामने आ रहा है उसको देखकर सुनकर यही लग रहा है की विपक्ष भी मजबूर होकर अब शब्द सीमाएं लांघ रहा है और वह अमर्यादित शब्दों का भी प्रयोग मंच से कर रहा है। भाजपा शासनकाल में भी जब ऐसी स्थिति निर्मित हुई थी तब उस समय विपक्ष में बैठी पार्टी और उनके नेता भी निरंकुश प्रशासन के विरोध में नजर आते थे और उन्हे भी मंचो से आक्रोश जाहिर करते सुना जाता था। अब जब सत्ता परिवर्तन हो चुका है वैसी ही स्थितियां फिर सामने हैं और विपक्ष प्रशासन के खिलाफ मुखर नजर आ रहा है। ऐसी घटनाओं के बीच यह भी सवाल उठता है की क्या सत्ता में बैठे लोग और जनता द्वारा निर्वाचित किए गए लोग अपनी जिम्मेदारी भूल बैठे हैं? और वह भी प्रशासनिक अधिकारियों के सामने नतमस्तक हैं, यदि ऐसा नहीं है तो ऐसी स्थिति निर्मित ही क्यों हो रही है? जबकि सत्ता के अधीन प्रशासन का होना अनिवार्य होता है जिससे अराजक स्थितियां निर्मित न हों। जिस तरह किसी देश या प्रदेश के लिए चुनी हुई सरकार आवश्यक है उसी तरह विपक्ष का भी होना उतना ही आवश्यक है सरकार को सचेत करने का काम विपक्ष का ही है और यदि विपक्ष का ही सम्मान नहीं होगा और वह प्रशासन से उपेक्षित होगा ऐसी स्थितियां समाने आयेंगी ही। हाल की ही कुछ घटनाओं का जिक्र यदि करें तो यह देखने को मिल की सत्ता में बैठे लोग प्रशासन के गिरफ्त में नजर आए और प्रशासनिक अधिकारियों की वह पैरवी करते देखे गए जबकि जनता ने उन्हें खुद के लिए चुना है न की प्रशासनिक अधिकारियों की चापलूसी के लिए।

पुलिस विभाग के दो प्रधान आरक्षक अवैध वसूली में मस्त..लोग वसूलीबाज प्रधान आरक्षक से त्रस्त

- होटल संचालक को अपनी कार में 10 बोरा कोयला लाना पड़ा महंगा दो चर्चित व वसूलीबाज प्रधान आरक्षकों ने वसूली मोटी रकम और मामला किया रफा दफा:सूत्र
- एमसीबी जिले के चिरमिरी व पोड़ी पुलिस थाने के चर्चित दो प्रधान आरक्षकों ने वसूली की हद पार कर दी है
- थाना प्रभारियों को जानकारी नहीं और वसूल लिए मोटी रकम
- होटल संचालक ने अपनी प्रतिष्ठा की वजह से व पुलिस वालों की धमकियों की वजह से डर कर नहीं की शिकायत

- रवि सिंह -
चिरमिरी,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

एक तरफ जहां पुलिस के संभागीय आला अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को चुस्त-दुरुस्त कर एक ईमानदार पुलिसिंग की पाठ पढ़ा रहे हो, ठीक उनकी मंशा के विपरीत एमसीबी जिले के पुलिस अधिकारी एवं उनके कर्मचारी अपने भ्रष्टाचार वाले आचरण से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं, सट्टा जुआ कबाड़ कोयला ब्याज खोरी जैसे काले धंधे से शायद ही कोयला अंचल मुक्त हो पाए, ऐसा प्रतीत होने लगा है की अपने तबादले में हर अधिकारी और सिपाही की पहली मंशा होती है कि कोयलांचल क्षेत्र के थानों और चौकियों में उसकी ड्यूटी लगाई जाए, ताकि वह आला अधिकारियों को भरोसे में रखकर अपने काले कारनामों को अंजाम दे सके।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चिरमिरी क्षेत्र के बरतूंगा कालरी का एक किराना और होटल व्यवसाई इन दिनों नागपुर चौराहे में रेलवे फाटक के समीप एक होटल का संचालन कर रहा है प्रायः देखा गया है कि आसपास के क्षेत्रों में जो भी होटल व्यवसाई हैं, वह कोयले का इस्तेमाल कर अपने चूल्हे और भट्ठों को जलाते हैं, एवं खाद्य पदार्थ पकाने का कार्य करते हैं इसी क्रम में यह व्यवसाई भी चिरमिरी से अपनी निजी कार में लगभग 10 बोरी कोयला लेकर नागपुर की तरफ जा रहा था, जिसको लंबे समय से अपने गिरफ्त में लेने की मंशा रखने वाले लंबे समय से इन्हीं स्थानों में जमे सिपाही उसे पकड़ लेते है, और उससे लगभग 3 लाख रुपए की डिमांड करते हैं, बहस और काफी आपसी जिरह में लगभग एक लाख पचास हजार रुपए में बात बनी और अंतः में उसे छोड़ दिया। होटल संचालक रात में अपनी गाड़ी वह अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए मांगी हुई रकम देकर अपना पीछा छुड़वाना ज्यादा जरूरी समझा। रात बीत गई और जब यह मामला धीरे-धीरे एक कान से दूसरे कान पहुंचने लगा तो दोनों प्रधान आरक्षक अपने आप को बचाने के लिए संचालक को और डराया धमकाया और कहा कि शिकायत यदि किया तो और फंस जाओगे, इसीलिए किसी के सामने हम लोग का नाम मत लेना और यह भी कहा की यदि किसी को बतया तो तू समझ लेना, पुलिसकर्मियों की दहशत इतनी है कि होटल संचालक लोगों को बताता तो सब है बस शिकायत करने से डरता है कि कहीं वह पुलिसकर्मियों उसे परेशान ना करें। सूत्रों के हवाले से खबर यह भी है यह दोनों प्रधान आरक्षक अपने अन्य साथियों के साथ कुछ होटल में फ्री में खाना खाना चाहते थे, लेकिन होटल संचालक में डिस्काउंट की बात की 100 प्रतिशत माफ करने से मना कर दिया, जिसको लेकर इन सभी प्रधान आरक्षक ने बदला लेने की जुग दमें लगे रहे, इन्होंने पता लगाए होटल में यह घरेलू गैस इस्तेमाल करता होगा इसके लिए किचन में घुसकर देखे भी हैं लेकिन वहां पर इनको सफलता नहीं मिली लेकिन कोयला भटेट में जलता दिखा, और फिर इन्होंने मुखबीर लगा कर नजर बनाए हुए थे और फिर 1 दिन उसे बड़ी राशी उगाही कर ली जाती है। जितना यह छोटे लोगों को परेशान करते हैं पर अपनी पुलिसिंग का धौस दिखाते हैं, यदि इतना ही यह इमानदारी के साथ काम करते तो आज जिला अवैध कारोबार से मुक्त होता।

जिन दो प्रधान आरक्षकों ने लोगों के नाक में दम कर रखा है वह लंबे समय से एक ही थानों में जमे हैं...

एमसीबी जिले के दो चर्चित प्रधान आरक्षक जो हमेशा अपने कार्यप्रणाली को लेकर सुर्खियों में रहते हैं और अपने पकड़ की वजह से अपने घर के आस-पास थाने में जमे रहते हैं, एक प्रधान आरक्षक चिरमिरी थानेदार का खास है तो दूसरा पोड़ी में पदस्थ है। इन दोनों की जितनी भी तारीफ की जाए उतनी कम है, दोनों काफी जुगाड़ू और वसूलीबाज है इनका सीधे अवैध कारोबारियों से संपर्क है, यदि इन्हीं प्रधान आरक्षकों का मोबाइल साइबर की टीम जांच करें तो कई सारे अवैध कारोबारियों से इनके संपर्क मिल जाएंगे, लेकिन इनके मोबाइलों की जांच करेगा कौन ? क्योंकि यह तो दूसरों की मोबाइलों की जांच करना जानते हैं, अपने फैसने की बारी में अपने बचाव के लिए नेता व अधिकारियों को सामने कर लेते हैं, इस बार इन प्रधान आरक्षको पर नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक को कुछ ज्यादा ध्यान देना होगा, वही विधानसभा चुनाव में भी यह खलल डाल सकते हैं ऐसा सूत्रों का मानना है। चुनाव आयोग को अभी से ही ऐसे कर्मचारियों की पहचान कर लेनी चाहिए और इन्हें क्षेत्रों से दूर का रास्ता दिखा देना चाहिए।

बेहतर पुलिसिंग के लिए नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक को थोक में करना होगा स्थानांतरण

बेहतर पुलिसिंग के लिए नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक को सभी कर्मचारियों के एक बार नए सिरे से तबादला करना जरूरी है और तबादले के समय 15 साल की सूची जरूर खंगालने क्योंकि लंबे समय से कुछ कर्मचारी मनचाहे जगहों पर ही पदस्थापना पाने में सफल रहे हैं। चर्चित थानों में पदस्थ चर्चित पुलिसकर्मियों को जनकपुर कोटाडोल जैसे थानों में भी भेजा जाए और वहां के कर्मचारियों को इन क्षेत्रों में लाया जाए ताकि क्षेत्र में बेहतरीन पुलिसिंग हो सके और अवैध कारोबार पर अंकुश लग सके पुलिस की छवि सही हो सके और वसूलीबाज पुलिसकर्मियों की वजह से खराब हो रही छवि को सुधारा जा सके।

धमकाकर वसूली भी...और बाद में किसी को नहीं बताने की धमकी भी...गजब के कानून के रखवाले हैं दोनो प्रधान आरक्षक

इस मामले में होटल संचालक से धमकाकर बड़ी राशि दोनो प्रधान आरक्षकों ने वसूली भी और किसी को नहीं बताने की धमकी भी उन्होंने होटल संचालक को दे दी। लाखों रुपए देकर होटल संचालक भी धमकी की वजह से ही चुप है और कुछ वह लोक लज्जा की वजह से भी मौन है, मामले में बड़ा सवाल यह है की किस तरह के यह दोनो प्रधान आरक्षक कानून के रखवाले हैं जिन्हे कानून की रक्षा करनी है गलत का विरोध कर कार्यवाही करना है वह कार्यवाही का भय दिखाकर लोगों से गलत तरीके से वसूली करते हैं और जो गैर कानूनी हो रहा है उसे संरक्षण देते हैं। कुल मिलाकर दोनों की कानून व्यवस्था बनाए रखने की यह अजीब तरकीब है जिसमे अवैध कार्य होगा भी और उसके एवज में यह भय दिखाकर वसूली भी करेंगे।

आईजी सरगुजा ऐसे पुलिसकर्मियों के भरोसे कैसे अपराध मुक्त और अवैध कारोबार मुक्त संभाग की कल्पना करेंगे?

इस तरह के मामले सामने आने के बाद यह भी सवाल खड़ा होता है की किस तरह ऐसे पुलिसकर्मियों के भरोसे आईजी सरगुजा संभाग को अपराध मुक्त और अवैध कारोबार मुक्त कर सकेंगे। आईजी सरगुजा जहां समाज को एक अच्छी दिशा देने का प्रयास कर रहें हैं वहीं ऐसे पुलिसकर्मी उनके अभियान को पलीता लगा रहे हैं।

स्कूल खुलते ही पांचों ब्लॉक के 6500 छात्राओं को मिलेगी साइकिल

- संवाददाता -
कोरबा, 14 जून 2023 (घटती-घटना)।

नवीन शैक्षणिक सत्र की जल्द शुरू होने वाली है। इस बार नवमी कक्षा की छात्राओं को विद्यालय प्रवेश के साथ ही साइकिल दी जाएगी। अब तक उन्हें यह सुविधा सत्र के मध्य अथवा दसवीं कक्षा पहुंचने के बाद दिया जाता था। यह पहली बार होगा जब बालिकाओं को स्कूल खुलने के साथ ही साइकिल की सौगात दी जाएगी। आठवीं से उत्तीर्ण होकर नवमी कक्षा में दाखिला लेने वाली 6500 छात्राओं को साइकिल मिलने से स्कूल पहुंचने की राह आसान होगी। सरस्वती साइकिल की योजना के तहत प्रतिवर्ष छात्राओं को साइकिल प्रदान की जाती है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह योजना 14 साल पहले शुरू की गई थी। जिले 295 शासकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन हो रहा है। वनांचल ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को अब भी लंबी दूरी तय कर स्कूल जाना पड़ता है। भले ही सरस्वती साइकिल प्रति वर्ष प्रदान की जाती है पर समय पर वितरण नहीं होने की वजह से बालिकाओं को सत्र की शुरू से ही पैदल अथवा बस से यात्रा कर स्कूल पहुंचना होता था पर इस बार यह समस्या नहीं होगी। आठवीं कक्षा में उत्तीर्ण के पश्चात नवमी कक्षा में दाखिला लेते ही साइकिल दी जाएगी। यह योजना केवल सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए है। राज्य शासन की ओर से जिले के पांचों ब्लाक मुख्यालय में पांच माह पूर्व ही भेजा जा चुका था ताकि बालिकाओं को शिक्षा सत्र की शुरुआत में साइकिल की सुविधा मिल सके । बताना होगा चुनावी वर्ष होने के कारण साइकिल मुख्यालयों में साइकिल का अलग-अलग वितरण पर आचार संहिता की शिकंजा लग सकता है। बालिकाओं को होने वाली असुविधा की संभावना को देखते हुए सत्र की शुरुआत में ही साइकिल वितरण का निर्णय लिया गया है। लोगों का मानना है कि जिस तरह से इस वर्ष साइकिल प्रदान सत्र की शुरुआत में की जा रही है उसी तरह प्रत्येक वर्ष की जानी चाहिए। राज्य सरकार ने विकासखंड पार्ट भेजा था, जिसका एसेंबल भी किया जा चुका है। शिक्षा विभाग की ओर से साइकिल स्कूल ले जाने के लिए सूचना भी दे दी गई है। विकासखंड मुख्यालय से स्कूलों तक साइकिल को परिवहन करने के लिए आकस्मिक शाला निधि व्यय की राशि का उपयोग किया जाएगा। साइकिल परिवहन के नाम पर कई स्कूलों में अभिभावकों से राशि लेने की भी शिकायतें आती हैं। शिक्षा विभाग ने अभिभावकों को साइकिल का खंड मुख्यालय से स्कूल तक परिवहन के लिए किसी तरह की राशि नहीं देने के लिए कहा है।

कहां कितनी साइकिल का होगा वितरण

:- विकासखंड - करतला -1300 साइकिल, कोरबा- 1200 साइकिल,कटघोरा- 1200 साइकिल,पोड़ी उपरोड़ा- 1300 साइकिल,पाली- 1500 साइकिल।

जिला शिक्षा अधिकारी जी पी भारद्वाज ने कहा कि नवमीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को प्रशासन की योजना के लाभ विद्यालय प्रारंभ होते ही साइकिल दी जाएगी। प्रत्येक विकासखंड मुख्यालयों में साइकिल असेंबल की जा चुकी हैं। यह सुविधा बालिकाओं के लिए नि शुल्क है एवं मुख्यालय से परिवहन की जिम्मेदारी प्राचार्यों को दी गई है।

सहकारी समिति के हड़ताल से किसान खाद बीज हेतु चिंतित

» खाद-बीज ना मिलने से परेशान किसान लगा रहे है समिति के चक्कर

- संवाददाता -
रामानुजनगर, 14 जून 2023 (घटती-घटना)।

रामानुजनगर सहकारी समिति के प्रबंधक वर्क कर्मचारियों के हड़ताल के कारण किसानों को खाद बीज समय पर नहीं मिल पाने से किसान चिंतित हैं] बरसात आने में कुछ ही दिन बाकी है कहीं -कहीं पर पानी बरस रहा है और किसान खेती की तैयारी में जोरों से लगे हैं किसान रोज सहकारी समियों का चक्कर लगाया जा रहा है। परंतु सहकारी समिति में ताला लटकने कारण से किसानों को हताश हो कर बैरंग खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। छ0ग0 प्रदेश सहकारी समिति संघ के अह्वान पर 1 जून से रामानुजनगर क्षेत्र के सहकारी समितियों के साथ पूरे छत्तीसगढ़ के सहकारी समिति प्रबंधक कर्मचारी अपने तीन सूत्रीय मांग सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारीयों का नियमतीकरण किया जावे सरकारी कर्मचारीयों की भाति वेतन प्रदान किया जावे, सहकारी समितियों में सीधी भर्ती बंद कर कार्यरत कर्मचारीयों का समायोजन किया जावे की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। सभी सहकारी समितियों के कर्मचारीयों के हड़ताल के कारण सहकारी समितियों में पंजीकृत किसानों को खाद बीज केसीसी के लिए सहकारी समितियों का चक्कर लगा लगा कर परेशान है खेती किसानी काम सामने आ गया है। बरसात व मानसून आने वाला है किसान खेती के लिए जमीन की जोताई के खरपतवार के साथ धान मक्का]दलहन व अन्य फसलों के बोआई की तैयारी कर रहे हैं परंतु सहकारी समितियों कर्मचारीयों के हड़ताल के वजह से समय पर खाद् बीज केसीसी की सुविधा नहीं मिल पाने की वजह से फसलों बोआई में देरी हो सकती है। अगर प्रशासन स्तर पर किसानों की असुविधा को दूर करने के लिये सहकारी समितियों कर्मचारीयों बहाली नहीं की गई या फिर कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती है तो किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या है।क्योंकि क्षेत्र के 98 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर हैं]खेती बाड़ी कर जीवन यापन कर रहे हैं। इन किसानों के सामने खाद बीज के लिए सबसे बड़ी समस्या बन रही है।

सड़क के अभाव में 4 किलोमीटर खाट पर शव ले जाते ग्रामीण

» मानवता को शर्मसार करने वाला वीडियो हुआ वायरल

- मनोज कुमार -
लखनपुर, 14 जून 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत पटकुरा के ग्राम घटोन मैं सड़क नहीं होने से मृतक के शव को पूरी रात पटकुरा में रखकर दूसरे दिन बुधवार सुबह 9-10 बजे शव को खाट में रखकर परिजनों और ग्रामीणों द्वारा पैदल ढोकर काफी मस्कत से ले जाते हुऐ परिजन ।

लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत दूरस्थ आदिवासी वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत पटकुरा के आश्रित ग्राम घटोंन मैं (सड़क)पहुंच विहीन होने के कारण इमरजेंसी में इलाज या महिलाओं को डिलीवरी के लिए ले जाने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसकी मुख्य वजह सड़क विहीन ग्राम है जिसके लिए सरपंच सहित ग्राम वासियों के द्वारा काफी दिनों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन आज दिनांक तक वहां सड़क निर्माण नहीं हो पाया है जिसके कारण यहां चार पहिया वाहन तथा इमरजेंसी में एंबुलेंस इत्यादि पहुंच नहीं पाता है जिसके कारण इलाज और महिलाओं को प्रसव में आकस्मिक मौत भी हो जाता है और प्रसव के दौरान महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

वही गौरतलब बात यह है कि लखनपुर विकासखंड केआदिवासी बहुल क्षेत्र और ग्राम पंचायत पटकुरा के आश्रित ग्राम घटोंन में दिन मंगलवार को सेल्बेस्टर लकड़ा पिता नकुल साय उम्र 45 वर्ष लगभग 5-6 माह से बीमार था जिसका उपचार अम्बिकापुर के मेडिकल कॉलेज में भी उपचार कराया गया और अवेर्दिक ईलाज कोरबा जिला के ग्राम कुटूर्मा में चल रहा था इसी दौरान मौत होगया जिसे परिजनों द्वारा ग्राम पटकुरा में मृत शरीर को दिन मंगलवार को चार पहिया वाहन से पटकुरा मोहल्ला तक लाया गया आगे घटोंन के लिये सड़क नहीं होने से आश्रित ग्राम घटोंन नहीं ले जाया जा सका और परिजन पूरी रात रतजगा कर शव की पहरे दरी करते रहे वही दूसरे दिन बुधवार को परिजनों एवं ग्रामीणों के मदद से खाट पर शव को रखकर 8 से 10 से ग्रामीणों के मदद से उठाकर पैदल ले जाया गया जहां दोपहर मृतक सेल्बेस्टर लकड़ा पिता नकुल साय उम्र 45 वर्ष का लगभग दोपहर 2 बजे उक्त मृतक व्यक्ति का अंतिम संस्कार कार्यक्रम संपन्न कराया गया ।

ग्रामीणों द्वारा खाट पर शव को पैदल ले जाने का वीडियो ग्रामीणों के द्वारा बनाया गया और ग्रामीणों ने सड़क विहीन होना बताया ग्रामीणों ने मांग किया है कि विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री तक यह बात पहुंचे जिससे जल्द से जल्द सड़क निर्माण किया जाए जिससे एंबुलेंस सहित चार पहिया वाहन आवागमन प्रारंभ हो सके और (मानवता को शर्मसार करने वाला ऐसी घटना दोबारा ना घटे)कोई भी व्यक्ति का शव खाट पे उठाकर घर तक ना ले जाना पड़े।

ग्राम पंचायत पटपुरा के सरपंच सोनसाय से इस संबंध में पूछे जाने पर बताया गया कि मृतक व्यक्ति 4-5 माह से बीमार था उसका उपचार चल रहा था बीते दिन मंगलवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई और दीन बुधवार को खाट पर उठाकर पैदल घटोंन के लिए उसके परिजनों ग्रामीणों के मदत से ले जाया गया मेरे द्वारा भी घटोंन के सड़क निर्माण की मांग कई बार की गई है लेकिन आज दिनांक तक नहीं हो पाया है जिससे महिलाओं को प्रसव एवं इमरजेंसी के लिए किसी प्रकार कोई एम्बुलेंस नहीं पहुंचता है जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।

सोनसाय
पटकूरा सरपंच

विश्व रक्तदान दिवस पर जिले के कलेक्टर झा ने रक्तदान कर रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला

- संवाददाता -
कोरबा, 14 जून 2023 (घटती-घटना)।

विश्व रक्तदान दिवस 14 जून पर जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस मौके पर कोरबा कलेक्टर संजीव झा, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडे,सीएसईबी डिस्ट्रीब्यूशन के डी.ई.अनुपम सरकार सहित बड़ी संख्या में जिला प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों ने रक्तदान किया । इस दौरान कोरबा कलेक्टर संजीव झा ने बताया के जिले में थैलेसीमिया रोग से ग्रसित बच्चों, कैंसर मरीजों, रक्त अल्पता से ग्रसित गर्भवती महिलाओं समेत अनेक मामले में जरूरतमंदों को रक्त की कमी बनी रहती है, जिसे पूरा करने के लिए रक्तदान अति आवश्यक है जिसके मद्देनजर 14 जून 2023 को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है । रक्तदान से कोई कमजोर नहीं होता, जबकि रक्तदान से कई तरह का फायदा होते है सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान वह महादान है जिसके दान मात्र से एक व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है । इस रक्तदान कार्यक्रम में जिला मेडिकल कॉलेज के टीम ने सहयोग करते हुए लगभग 60 यूनिट रक्त प्राप्त किया ,जिसको जिला अस्पताल के सुपुर्द कर दिया जाएगा जिससे की वहां आए जरूरतमंद मरीजों को आवश्यकता आने पर आसानी ब्लड ग्रूप के आधार पर आसानी से रक्त उपलब्ध कराया जा सके । इस रक्तदान शिविर के दौरान **'ओ'** नेगेटिव और **'बी'** नेगेटिव जैसे रेयर ग्रूप वाले रक्त दाताओं ने भी इस शिविर के माध्यम से रक्तदान किया।

मैनपाट परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर 28 जून तक होगी भर्ती

- संवाददाता -
अम्बिकापुर ,14 जून 2023 (घटती-घटना)।

एकीकृत बाल विकास परियोजना मैनपाट के परियोजना अधिकारी ने बताया है कि परियोजना अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी के केन्द्रों में रिक्त पदों की भर्ती की जा रही है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता तथा सहायिका के पदों को भरने की कार्रवाई की जा रही है। उक्त पदों हेतु निर्धारित प्रारूप में 13 जून से 28 जून 2023 तक परियोजना कार्यालय मैनपाट में डाक के माध्यम से या सीधे कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कतकालो के आंगनबाड़ी केन्द्र पकरीपारा, ग्राम पंचायत परपटिया के आंगनबाड़ी केन्द्र हर्राढोढ़ी एवं उरांवपारा, ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्र पथरई में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती की जा रही है। ग्राम पंचायत सुपलगा के आंगनबाड़ी केन्द्र मझवारपारा, ग्राम पंचायत कतकालो के आंगनबाड़ी केन्द्र कोरोंजपारा, ग्राम पंचायत कुदारीडीह के आंगनबाड़ी केन्द्र पकरीपारा, ग्राम पंचायत समनिया के आंगनबाड़ी केन्द्र ढोढीपारा, ग्राम पंचायत वंदना के आंगनबाड़ी केन्द्र कोरवापारा, ग्राम पंचायत राजापुर के आंगनबाड़ी केन्द्र सुखबसूपारा, ग्राम पंचायत डांगबुड़ा के आंगनबाड़ी केन्द्र पाटीपारा तथा ग्राम पंचायत नर्मदापुर के आंगनबाड़ी केन्द्र उचकापारा में आंगनबाड़ी मिनी कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती की जाएगी। ग्राम पंचायत बंदना के आंगनबाड़ी केन्द्र जजगा खास, ग्राम पंचायत खडगांव के आंगनबाड़ी केन्द्र रंगुवापारा, ग्राम पंचायत पीडिया के आंगनबाड़ी केन्द्र बिसरपानी के आंगनबाड़ी केन्द्र कदमटिकरा, ग्राम पंचायत पैगा के आंगनबाड़ी केन्द्र पैगा तथा ग्राम पंचायत सरभंजा के आंगनबाड़ी केन्द्र माझापारा में आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती की जा रही है।

नीरज कुमार सिंह बने छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 जून 2023 (घटती-घटना)।

नीरज कुमार सिंह को छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। यह निर्णय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा के सहमति, प्रभारी महासचिव शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ शासन, मोहन मरकाम, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, रवि घोष प्रभारी महामंत्री-प्रशासन, मान, अमरजीत सिंह चावला, प्रभारी महामंत्री, (संगठन) एवं सुमित्रा घृतलहरे प्रभारी महामंत्री मोर्चा प्रकोष्ठ, की अनुमति व अनुशंसा पर बनाया गया है। इनके नियुक्ति से पार्टी एवं संगठन को मजबूती मिलेगी। वहीं कांग्रेसजनों में इनके नियुक्ति से हर्ष व्याप्त है।

विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान डायरेक्टरी बनाने का लिया गया निर्णय

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 जून 2023 (घटती-घटना)।

एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव हिमांशु जायसवाल ने बताया कि सरगुजा एनएसयूआई के द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के दिन रक्तदान डायरेक्टरी बनाने का निर्णय लिया है। इस डायरेक्टरी को जन जन तक पहुंचाने के लिए एनएसयूआई कार्य करेगी, ताकि किसी भी जरूरतमंदों की मौत रक्त की कमी से ना हो ।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया है कि डायरेक्टरी में जो भी अपना नाम रक्तदान सूची में दर्ज कराना चाहता है वह अपना नाम, पता मोबाइल नंबर, उम्र एवं ब्लड ग्रुप लिखकर इस नंबर पर मैसेज या व्हाट्सएप कर सकते हैं या एनएसयूआई सरगुजा का android.app डाउनलोड करके कोई आप उसमें भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। आपके ग्रूप के ब्लड की आवश्यकता होगी तो जरूरतमंद उस डायरेक्टरी के माध्यम से आपके संपर्क करेगा, हिमांशु जायसवाल ने बताया कि डायरेक्टरी में कोई भी दानदाता अपना नाम जुड़वा सकता है। भविष्य में हॉस्पिटल से लेकर सभी शासकीय संस्थानों में एनएसयूआई इस सूची को उपलब्ध कराएगी ताकि भी जरूरतमंद को रक्त की जरूरत पड़े तो इस डायरेक्टरी से रक्तदाता से संपर्क हो सकते हैं।उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि रक्त दान से बड़ा कोई और दान नही हो सकता। इससे हम जरूरतमंदों को नई जिंदगी दे सकते हैं । हिमांशु जायसवाल ने बताया कि इस अभियान के पहले दिन आज 100 से अधिक युवाओं के द्वारा मोबाइल नंबर और रक्त समूह की जानकारी दी गई है। हमारी कोशिश होगी की प्रत्येक समूह के लिए 100 - 100 लोगों का मोबाईल नंबर डायरेक्टरी में दर्ज कर सबके लिए यह सेवा सुलभ बनाया जायेगा। नाम जुड़वाने वाले युवाओं को रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंह देव के हाथो प्रमाण पत्र भी वितरित किया जाएगा।

वसुन्धरा जन कल्याण समिति
खुला आश्रय गृह (बालक)
गणेश दादा गली भठ्ठी रोड केदारपुर,अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ0ग0

नियुक्ति के लिए

क्र0	पद	संख्या	योग्यता
1	को-आर्डिनेटर (कॉउंसलर)	01 पद	एम.ए. (समाज शास्त्र) एम.एस.डब्लू
2	सामाजिक कार्यकर्ता	01 पद	एम.ए. (समाज शास्त्र) एम.एस.डब्लू
3	एजुकेटर	02 पद	स्नातक किसी भी विषय
4	आउट रिच वर्क र	03 पद	12 वीं पास
5	सहायक रसोईया	01 पद	अनुभवी

नोटः- विज्ञापन प्रकाशन के सात दिवस में 22/06/2023 गुरूवार तक शैक्षणिक योग्या के साथ दिये हुए पते पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सम्पर्क मो0नं0- 7974935327,9753653519

कार्यालय नगर पंचायत,लखनुपर
जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़

E-mail : CMOLAKHANPUR@GMAIL.COM WWW.NPLAKHANPUR.IN PHONE : 07774-261501

क्रमांक/.529/स्था./न.पं./2023-24 लखनपुर दिनांक 14/06/2023

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

नगर पंचायत लखनपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अतंर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रूपए लाख में)	निविदा डाउनलोड कर जमा करने की अंतिम तिथि
138266	प्लेसमेंट निविदा (कुशल, अर्धकुशल, अकुशल)	50.00	07.07.2023
138399	वार्षिक जोनल निविदा (PWD BULDING/ ROAD SOR 01.01.2015 ELC SOR 01.07.2015 पार्षद/ अध्यक्ष/ स्वयं निधि)	25.00	07.07.2023

टीपः 01. उपरोक्त कार्यो की निविदा की समान्य शर्ते धरोहर राशि. विस्तृत निविदा विज्ञप्ती, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
02. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत लखनपुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

न्यायालय भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

रा.प्र.क्र. - 202211272200021/01/अ-82/2022-23
ग्राम मानिकपुर,तहसील बलरामपुर

ईश्तहार

कार्यपालन अभियंता,
जल संसाधन संभाग क्र02 रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0) .....आवेदक
-:बनामः-
झूलन आ0 धोबिया जाति चेरवा,
एवं अन्य 32, सभी निवासी ग्राम मानिकपुर
तहसील बलरामपुर
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0) ....अनावेदक

एतद द्वारा सर्वसाधरण ग्राम मानिकपुर को सूचित किया जाता हैकि ग्राम मानिकपुर की निजी भूमि मानिकपुर जलाशय योजना अंतर्गत योजना के डुबान एवं मुख्य नहर निर्माण हेतु अतिग्रहण की कार्यवाही भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार(सामाजिक समाघात निर्धारण, सहमति तथा जन सुनवाई) नियम 2016 के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन मुल्यांकन प्रतिवेदन दल द्वारा वस्तुत किया गया है। जो ईश्तहार के साथ पृथक से संलग्न है।

तदनुसार समाजिक सामाघात निर्धारण हेतु विशेषज्ञ दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं सामाजिक समाघात प्रबंधन योजना अंतर्गत इस न्यायालय को दिया गया अभिमत ईश्तहार के माध्यम से ग्राम में प्रकाशित किया जाकर सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैकि संलग्न प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्यों के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 30/06/2023 तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा इस निमित्त प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 30/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया जाता है।

जी.नं.-02241/1

भू-अर्जन अधिकारी
बलरामपुर

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ.ग.

रा.प्र.क्र./अ-2/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिलबिना मिंज पत्नी अरबिन्द मिंज जाति उरांव ग्राम/नगर लोसंगा तहसील लखनपुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 453/3 रकबा 0.026 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, व्यवयायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र, सेटलमेन्ट,रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोईआपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/06/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू- अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अम्बिकापुर

न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा,छ.ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र-.202306021700017/ ब-121/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारिका प्रसाद यादव आ0 मथुरा प्रसाद, निवासी ब्रम्ह मंदिर के पास अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम सोनपुरकला स्थित भूमि खसरा नंबर 114/4, 116/4, 186/4, 386/4, 392/3, 450/4 रकबा क्रमशः 0.071, 0.036, 0.039, 0.016, 0.022, 0.028 हे0, कुल खसरा नंबर 06 कुल रकबा 0.212 हे0 भूमि की द्वितीय प्रति ऋण, पुस्तिका हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपतित हो तो प्रकाशन दिनांक 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोईविचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

मेजर लीग क्रिकेट के पहले संस्करण का आयोजन 13 जुलाई से

नई दिल्ली,14 जून 2023। संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजबानी में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के पहले संस्करण का आयोजन 13 से 30 जुलाई तक किया जाएगा। इस लीग के लिए डलास और मॉरिसविले को दो स्थानों के रूप में चुना गया है।

उद्घाटन सत्र में छह टीमें शामिल होंगी, जिनमें से चार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से जुड़ी होंगी।भाग लेने वाली आईपीएल फ्रेंचाइजी इस प्रकार हैंः चेन्नई सुपर किंग्स (टेक्सास सुपर किंग्स), मुंबई इंडियंस (एमआई न्यूयॉर्क), कोलकाता नाइट राइडर्स (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स) और दिल्ली कैपिटल्स (सिएटल ओरकास)।शेष दो टीमें वाशिंगटन फ्रीडम और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स हैं, दोनों में भारतीय हितधारक भी हैं। लीग के मैच डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम और मॉरिसविले के चर्च स्ट्रीट पार्क में खेले जाएंगे।

शुरू में लीग के मैच ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में 13 से 18 जुलाई तक खेले जाएंगे, इसके बाद मैच चर्च स्ट्रीट पार्क में खेले जाएंगे। इसके बाद 27 जुलाई से 30 जुलाई तक होने वाले प्लेऑफ़ और फ़ाइनल मैच वापस ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच टेक्सास सुपर किंग्स और एलए नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा।एमएलसी के अनुसार, टूर्नामेंट में छह एमएलसी टीमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए दुनिया के कई शीर्ष क्रिकेटर शामिल होंगे। मैच दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे, भारत में खेलों के प्रसारण अधिकार वायकॉम 18 द्वारा सुरक्षित

किए गए हैं। टूर्नामेंट का कार्यक्रम इस प्रकार हैः डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच-

13 जुलाईः टेक्सास सुपर किंग्स बनाम एलए नाइट राइडर्स।
14 जुलाईः एमआई न्यूयॉर्क बनाम एसएफ यूनिकॉर्न्स; सिएटल ह्लह्लष्ठ्ठह्य बनाम वाशिंगटन फ्रीडम।
15 जुलाईः एसएफ यूनिकॉर्न्स बनाम सिएटल ओरकास।
16 जुलाईः टेक्सास सुपर किंग्स बनाम वाशिंगटन फ्रीडम; एलए नाइट राइडर्स बनाम एमआई न्यूयॉर्क।
17 जुलाईः टेक्सास सुपर किंग्स एमआई न्यूयॉर्क।
18 जुलाईः एलए नाइट राइडर्स बनाम एसएफ यूनिकॉर्न्स।
19 जुलाईः ब्रेक
मॉरिसविले में चर्च स्ट्रीट पार्क में खेले जाने वाले मैच-
20 जुलाईः वाशिंगटन फ्रीडम बनाम ला नाइट राइडर्स
21 जुलाईः सिएटल ऑर्कास बनाम टेक्सास सुपर किंग्स
22 जुलाईः वाशिंगटन फ्रीडम बनाम एसएफ यूनिकॉर्न्स
23 जुलाईः एलए नाइट राइडर्स बनाम सिएटल ओरकास; एमआई न्यूयॉर्क बनाम वाशिंगटन फ्रीडम
24 जुलाईः एसएफ यूनिकॉर्न्स बनाम टेक्सास सुपर किंग्स
25 जुलाईः एमआई न्यूयॉर्क बनाम सिएटल ओरकास
डलास में ग्रांड प्रेयरी स्टेडियम में खेले जाने वाले प्लेऑफ़ मुकाबले-
27 जुलाईः सीड 3 बनाम सीड 4 (एलिमिनेटर मैच); सीड 1 बनाम सीड 2 (क्वालीफायर मैच)
28 जुलाईः क्वालीफायर लूजर बनाम एलिमिनेटर विनर (चैलेंजर मैच)
30 जुलाईः क्वालीफायर विनर बनाम चैलेंजर विनर (फाइनल)।

एआईएफएफ को आईलीग में सीधे प्रवेश के लिए पांच बोलियां मिलीं

» आईडब्ल्यूएल आठ टीमों का टूर्नामेंट होगा

बेंगलुरू,14 जून 2023। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने घोषणा की कि उसे आईलीग 2023-24 सत्र में सीधे प्रवेश के लिए पांच प्रस्ताव मिले हैं। महासंघ ने साथ ही कहा कि इंडियन वुमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) के अगले टूर्नामेंट में आठ टीम हिस्सा लेंगी। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कोलकाता से वाईएमएस फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, पंजाब से नामधारी सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरू से निमिडा यूनाइटेड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली से कॉनकैटनेट एडवेस्ट एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड और गुरुग्राम से बंकरहिल प्राइवेट लिमिटेड वे पांच संस्थाएं हैं जिन्होंने सीधे प्रवेश के लिए प्रस्ताव भेजे हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, ''टियर एक की बोलियां दिल्ली, गुरुग्राम और बेंगलुरू जैसे शहरों से आईं, टियर दो की बोलियां वाराणसी से और टीयर तीन की बोलियां श्री भैनी साहिब गांव से आईं।

वित्तीय विशेषज्ञों द्वारा बोलियों का आकलन और समीक्षा की जाएगी जिससे यह तय होगा कि कौन सी टीम आईलीग 2023-24 सत्र में भाग लेगी।'' लीग समिति ने फैसला किया है कि आईडब्ल्यूएल 2023-24 टूर्नामेंट में आठ टीम हिस्सा लेंगी जिसमें 2022-23 सत्र के दो समूहों में से प्रत्येक से शीर्ष चार टीम शामिल होंगी। एआईएफएफ ने कहा, ''एक दूसरा डिविजन शुरू किया जाएगा और राज्य चैंपियन उसी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। दूसरे डिविजन की शीर्ष दो टीमें आईडब्ल्यूएल 2024-25 के लिए क्वालीफाई करेंगी और 2023-24 की दो टीम निचली लीग में खिसक जाएंगी। द्वितीय श्रेणी के लिए नामांकन की तारीख की समिति द्वारा बाद में पुष्टि की जाएगी।'' पुरुषों की दूसरी डिविजन लीग 2023-24 में आठ टीमें होंगी - पिछले सत्र से तीन टीम जो अंतिम दौर से आगे नहीं बढ़ पाई, दो आईलीग से नीचे खिसकने वाली टीम और तीन तीसरी डिवीजन की टीम।

एआईएफएफ की लीग समिति की मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता लालनघिंग्लोवा हमार ने की और इसमें महासचिव शाजी प्रभाकरन, समिति के सदस्य एम सत्यनारायण, आरिफ अली, किरण चोगले, अमित चौधरी, केटानो फर्नांडीस, रेजिनोल्ड वर्गीस और सीटीओ विंसेंट सुब्रमण्यम ने भाग लिया। एआईएफएफ ने कहा, ''तीसरे डिविजन को शुरू किया जाना तय है जो राज्य चैंपियन और राज्यों द्वारा नामित टीमों के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। आईएसएल की कोई भी रिजर्व टीम दूसरे डिविजन लीग या तीसरे डिविजन लीग 2023-24 का हिस्सा नहीं होंगी। तीसरी डिविजन के लिए टीमों के नामांकन की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2023 है।'' लीग समिति ने नए प्रारूपों को भी मंजूरी दी जबकि अंडर-13 लीग 7 बनाम 7 प्रारूप में खेली जाएगी जबकि अंडर-15 लीग नौ बनाम नौ प्रारूप में खेली जाएगी।

आईएसएल,टीम एफसी गोवा ने उदांता सिंह के साथ कई साल का करार किया

मडगांव,14 जून 2023। भारतीय विंगर उदांता सिंह ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम एफसी गोवा के साथ कई साल का करार किया है। क्लब ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। उदांता के आने से एफसी गोवा को मजबूती मिलेगी जिसने हाल ही में 2023-24 सत्र से पहले भारतीय राष्ट्रीय टीम के उनके साथी स्टार खिलाड़ी रॉलिन बोर्गेस को भी उधार पर अपने साथ जोड़ा है। उदांता ने क्लब की ओर से जारी बयान में कहा, ''एफसी गोवा का हिस्सा बनकर मैं बेहद उत्साहित और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैंने हमेशा गोवा के खेलने के तरीके की प्रशंसा की है। जब भी हम गोवा से खेल रहे होते थे तो अतिरिक्त प्रयास करने पड़ते थे। उन्होंने कहा, ''एक साथ काम करने के लिए हमारे बीच एक साल से अधिक समय से पारस्परिक रुचि रही है और मैं बहुत खुश हूं कि आखिरकार यह अनुबंध हो गया। मेरा मानना है कि मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है और मेरा सपना कई और ट्रॉफियां जीतना है। मुझे उम्मीद है कि यह यहां से शुरू होगा।'' प्रतिष्ठित टाटा फुटबॉल अकादमी का हिस्सा रहे उदांता ने अपना पूरा करियर अब तक बेंगलुरू एफसी (बीएफसी) के साथ बिताया है। वह पहले क्लब के साथ आईलीग में खेले और फिर 2017-18 में क्लब के आईएसएल में आने पर भी उसका हिस्सा रहे। उन्होंने आईलीग, आईएसएल, डूरंड कप, सुपर कप और फेडरेशन कप जैसी राष्ट्रीय लीग में बीएफसी के लिए 200 से अधिक मैच खेले और इस दौरान इनमें से प्रत्येक प्रतियोगिता में एक बार खिताब जीता।



अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में हराकर लक्ष्य और श्रीकांत दूसरे दौर में

जकार्ता,14 जून 2023। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन भारतीय बैडमिंन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उनके हमवतन किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी मलेशिया के जी जिया ली के खिलाफ सिर्फ 32 मिनट में 21-17 21-13 से जीत दर्ज की जबकि श्रीकांत ने चीन के ल्यू गुआंग झू को 21-13 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने इस तरह दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी ल्यू के खिलाफ दबदबा बरकरार रखा। श्रीकांत ने चीन के खिलाड़ी के खिलाफ अब तक अपने पांचों मुकाबले जीते हैं। अगले दौर में हालांकि लक्ष्य और श्रीकांत आमने-सामने होंगे जिससे एक भारतीय खिलाड़ी की हार तय है। भारत के प्रियांशु राजावत ने भी दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्हें थाईलेंड के कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ वाकओवर मिला।

दूसरे दौर में हालांकि राजावत की राह आसान नहीं होगी क्योंकि उन्हें डेनमार्क के हेन्स क्रिस्टियन सोल्बर्ग विटिंगस और दूसरे वरीय स्थानीय खिलाड़ी एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता के खिलाफ खेलना होगा। भारत की युवा महिला खिलाड़ी आकर्षी कश्यप को हालांकि महिला एकल के पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। आकर्षी के पास कोरिया की दूसरी वरीय आन से यंग का कोई जवाब नहीं था और उन्हें 10-21 4-21 से हार झेलनी पड़ी।

कभी हार नहीं मानने का जज्बा उत्तम की सफलता का राज

बेंगलुरू ,14 जून 2023। भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने प्रतिकूल परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने वर्षों की उपेक्षा तथा गरीबी को झेलने के बावजूद उम्मीद नहीं छोड़ी और अंत में चमके तथा अपने माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान लाए। एक साधारण परिवार में जन्मे उत्तम उत्तर प्रदेश के करमपुर जिले में पले-बढ़े और फिर खेल के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए लुधियाना हॉकी अकादमी पहुंचे। उत्तम ने हॉकी इंडिया की पॉडकास्ट श्रृंखला 'हॉकी ते चर्चा' में कहा, ''मेरा परिवार 2019 तक मिट्टी से बने घर में रहा करता था, हम एक बहुत ही सामान्य जीवन जीते थे और जब मैं छात्रावास गया तब मुझे अपने छात्रावास के कमरे में पंखा और कूलर रखने का मौका मिला था।'' जूनियर एशिया कप विजेता भारतीय टीम के कप्तान ने कहा, ''मेरे माता-पिता ऐसी किसी सुविधा के बिना सोते थे और यह मुझे अच्छा नहीं लगता था। मैं चाहता था कि मेरे माता-पिता को भी सबसे अच्छी सुविधाएं मिले और मुझे पता था कि हॉकी में करियर मेरी किस्मत बदल सकता है।''

उन्होंने कहा, '' एक समय मुझे लगा कि जैसे मैंने हॉकी से जुड़े रहने का गलत फैसला किया क्योंकि एक दशक तक हॉकी खेलने के बाद भी मुझे जूनियर टीम में नहीं चुना गया।'' उत्तम ने कहा, ''लेकिन मैं अपने माता-पिता की खातिर कभी निराश नहीं हुआ, मुझे बस इतना करना था कि अगले राष्ट्रीय खेलों में बेहतर प्रदर्शन करना था।'' उत्तम ने आखिरकार हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में एयर इंडिया के लिए अपने प्रदर्शन के दम पर 2019 में भारतीय जूनियर पुरुष टीम में प्रवेश किया और तब से उनकी अगुआई में टीम सुल्तान ऑफ जोहोर कप और हाल ही में जूनियर पुरुष एशिया कप में शीर्ष पर रही। एशिया कप मिशन पूरा होने के बाद उत्तम की नजरें अब पांच से 16 दिसंबर तक कुआलालंपुर में होने वाले जूनियर विश्व कप पर टिकी हैं।

किलियन एम्बाप्पे अगले सीजन में छोड़ेंगे पीएसजी का साथ

पेरिस,14 जून 2023। सेंट-जर्मेन से खेलने वाले 24 वर्षीय काइलियन एम्बाप्पे क्लब के साथ अपने अनुबंध को दोबारा साइन नहीं करेंगे। अब किलियन एम्बाप्पे ने क्लब के साथ अपने रास्ते जुदा कर लिए है। वह अनुबंध में एक साल के विकल्प का उपयोग करने की योजना नहीं बना रहा है। किलियन एम्बाप्पे का पीएसजी के साथ अनुबंध अगले सत्र में समाप्त हो जाएगा। मगर अब इस अनुबंध को वो रिन्यू नहीं करेंगे। इसकी जानकारी खुद एम्बाप्पे ने क्लब को भी दे दी है।

इससे पहले किलियन एम्बाप्पे मैड्रिड के लिए खेलते थे मगर उन्होंने मैड्रिड के लिए खेलना छोड़ा। इसके साथ ही उन्होंने दो वर्षों के लिए पेरिस के क्लप पीएसजी के साथ खेलना चुना था। वहीं अब उन्होंने ये साफ कर दिया है कि वर्ष 2024 से अधिक वो क्लब के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट नहीं बढ़ाएंगे। इसके बाद वो फ्रांस के क्लब के साथ काम नहीं करेंगे। वहीं किलियन एम्बाप्पे किसी अन्य कल्ब के साथ काम करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

इस क्लब का अपना सकते हैं साथ

एम्बाप्पे पीएसजी के साथ अपने अनुबंध को नहीं बढ़ाने की स्थिति में रियल मैड्रिड समेत कई लोगों के साथ अलग ही व्यवहार करते हुए सभी को चौंका दिया है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले मैड्रिड और एम्बाप्पे के बीच संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे। संभावना थी कि एम्बाप्पे मैड्रिड के साथ जुड़ेंगे मगर दोनों के बीच संबंध ठीक नहीं थे। वहीं अब क्लब को उम्मीद है कि किलियन उनका साथ देंगे। जानकारी है कि दोनों के बीच इस संबंध में बातचीत भी चल रही है।

ऐसा रहा है किलियन एम्बाप्पे का करियर

फ्रांस की टीम के स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने फीफा विश्व कप के दौरान धमाकेदार प्रदर्शन कर सभी को चौंकाया था। इसके बाद वो पेरिस सेंट जर्मन के साथ शामिल हुए थे। उन्होंने यूईएफए चैंपियंस लीग में पीएसजी के लिए 31वां गोल भी किया था। वो अब तक छह सीजन के खेल के दौरान क्लब के लिए 260 मैच खेल चुके हैं और 212 गोल कर चुके है।

कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू,कबीर खान ने संभाली निर्देशन की कमान

कार्तिक आर्यन इन दिनों फिल्म सत्यप्रेम की कथा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसमें उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है। सत्यप्रेम की कथा 29 जून को रिलीज होगी। इस बीच कार्तिक की अन्य आगामी फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। उन्होंने निर्देशक कबीर खान के साथ अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। इस एक्शन ड्रामा की शूटिंग बुधवार को फिल्म सिटी, गोरेगांव के जोकर मैदान में शुरू हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने 10 दिनों का शेड्यूल तैयार किया है, जिसके तहत फिल्म के एक्शन सेट-पीस को बंद किया जाएगा। शूटिंग की शुरुआत कार्तिक के हाथ से हाथ मिलाने वाले सीक्वेंस के साथ हुई है। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। हालांकि, अभी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। यह कार्तिक और कबीर की साथ में पहली फिल्म है। फिल्म कथित तौर पर एक अज्ञात नायक के बारे में एक आकर्षक सच्ची कहानी है।

सलमान खान के शो बिग बॉस ओटीटी 2 में भाग लेंगी मनीषा रानी

बिहार की एक लोकप्रिय सोशल मीडिया प्रभावकार, मनीषा रानी, बिग बॉस ओटीटी 2 में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो इस सप्ताह शुरू होगा। सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो में अन्य पुष्टि किए गए नामों में पलक पुरस्वामी, अविनाश सचदेव, जिया शंकर और सिमा तापारिया शामिल हैं। अब, मनीषा रानी बिग बॉस ओटीटी 2 की पुष्टि की गई सूची में शामिल होने वाली अगली महिला हैं।

मनीषा रानी बिहार की रहने वाली एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। उन्हें बिग बॉस ओटीटी के इस सीजन की अर्चना गौतम और शहनाज गिल कहा जा रहा है। जैसे अर्चना ने अपना यूपी स्वैग दिखाया और शहनाज़ ने अपना पंजाबीपन दिखाया, वैसे ही मनीषा अपने बिहारी स्वैग और शो में अपनी जड़ों से विकसित हुई बुद्धिमत्ता



पर ध्यान देंगी। मनीषा को आखिरी बार द कपिल शर्मा शो में देखा गया था और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फॉलोइंग है। वह बिहार के मुंगर की रहने वाली हैं और वाणिज्य में स्नातक हैं। उन्होंने एक कोरियोग्राफर के रूप में शुरुआत की और मॉडलिंग और लिप-सिंकिंग में अपना हाथ आजमाया। मनीषा को टिकटॉक वीडियो से प्रसिद्धि मिली और वह एक यूट्यूबर भी हैं। मनीषा रानी इससे पहले डांस इंडिया डांस में भाग ले चुकी हैं, लेकिन भोजपुरी में उनके सोशल मीडिया पोस्ट ने उन्हें जनता के बीच प्रसिद्ध कर दिया।

इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर उनके 4 मिलियन से ज्यादा फैन हैं। वह अर्चना गौतम की तरह मुखर होने के लिए जानी जाती हैं। शहनाज की तरह वह भी अपने मन की बात कहने के लिए जानी जाती हैं। मनीषा हमेशा से बिग बॉस का हिस्सा बनने की इच्छुक रही हैं। यहां तक कि पिछले साल भी उन्हें वाइल्ड कार्ड एंट्री माना गया था, लेकिन बात नहीं बनी। मनीषा पिछले साल बिहार से मुंबई चली गईं और सोशल मीडिया प्रभावकार के रूप में कई कार्यक्रमों में भाग लिया। वह इस महीने अबु धाबी में हुए आईफा अवॉर्ड्स का भी हिस्सा थीं, जहां वह स्पेशल गेस्ट के तौर पर गई थीं। बिग बॉस ओटीटी 2 का प्रीमियर 17 जून को जियोसिनेमा पर होने वाला है। इस बार करण जौहर की जगह सलमान खान शो को होस्ट करेंगे। प्रतियोगियों की पुष्टि की गई सूची में पलक पुरस्वामी, अविनाश सचदेव, जिया शंकर, फलाज़ नाज़ और सिमा टापरिया शामिल हैं।

अली फजल की कंधार ओटीटी रिलीज के लिए तैयार,16 जून को अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी फिल्म

अली फजल मौजूदा वक्त में अपनी हॉलीवुड फिल्म कंधार की लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें वह अभिनेता जेरार्ड बटलर के साथ नजर आ रहे हैं। अभिनेता नाविद नेगाहबान ने भी फिल्म में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। कंधार 26 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म सिनेमाघरों में नहीं देख पाए अब वो इसे घर बैठे आराम से देख सकते हैं।

कंधार का प्रीमियर 16 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। प्राइम वीडियो ने ट्विटर पर कंधार का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, अफगानिस्तान के दिल में समय के खिलाफ दौड़ में एक अंडरकवर सीआईए ऑपरेटिव। कंधार की कहानी बटलर के किरदार टॉम हैरिस पर आधारित है, जो एक अंडरकवर सीआईए ऑपरेटिव है। टॉम अफगानिस्तान के तनावग्रस्त इलाके में फंस जाता और फिर वहां से बाहर निकलने के लिए लड़ाई करता है।

जी करदा के लिये उत्साहित है तमन्ना भाटिया



बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अपनी आने वाली वेबसीरीज जी करदा के लिये उत्साहित है। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित जी करदा अरुणिमा शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित है और हुसैन दलाल और अब्बास दलाल द्वारा सह-लिखित है। आठ एपिसोड के इस शो में तमन्ना भाटिया के अलावा आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी, संवेदना सुवालका, सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर की भी अहम भूमिका है।तमन्ना भाटिया जी करदा के लिये बेहद उत्साहित है।

एक्सरसाइज रूटीन पर लौटीं कंगना



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत, जो अपनी अपकमिंग फिल्म इमरजेंसी के पोस्ट-प्रोडक्शन में बिजी हैं, अपनी अगली फिल्म के लिए तैयारी शुरू करने के साथ ही अपनी फिटनेस रुटीन में लौट आई हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह जंपिंग जैक, माउंटेन क्लाइंबिंग, रोप स्किपिंग और स्पॉट जॉगिंग जैसे फॉर्म के साथ फंक्शनल ट्रेनिंग करते हुए दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, मिसेज गांधी (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी) की भूमिका निभाने के लिए अपने एक्सरसाइज रूटीन से दो साल के ब्रेक के बाद अब मैं अपनी फिटनेस रूटीन में वापस आ गई हूं। आगामी एक्शन फिल्म के लिए ट्रांसफॉर्मेशन के इंतजार में हूं।

बाहर जाने वाले बालकों को मिलेगा सुनहरा भविष्य

» बाल देख-रेख संस्थाओं के 18 वर्ष आयु के चिन्हांकित बच्चों को मिलेगा योजना का लाभ

» अब बाल देख-रेख संस्थाओं के बच्चे बन सकेंगे डॉक्टर, इंजीनियर, सी ए वकील और कलाकार

रायपुर,14 जून 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में बाल देखरेख संस्था से बाहर जाने वाले 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बालकों के जीवन को सही दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य बालकों की समुचित देखरेख, उपयुक्त पुनर्वास और एक सफल नागरिक के रूप में उनको स्थापित करना है। योजना के तहत राज्य में संचालित 69 बाल देखरेख संस्थाओं के 108 बच्चों को प्रथम चरण में लाभान्वित किये जाने हेतु चिन्हांकित किया गया है। यह जानकारी आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से रायपुर के लाभांडी में मुख्यमंत्री बाल उदय योजना पर आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में दी गई। यहां योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के साथ उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक ने किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बाल उदय योजना छत्तीसगढ़ की अनूठी योजना है, जो बच्चों को अपराधी बनने से रोक कर एक सुनहरे भविष्य की ओर आगे बढ़ाती है। योजना के तहत बच्चों की परवरिश समुचित रूप से होने से वे एक जिम्मेदार नागरिक बनेंगे और भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास में भी सहयोग करेंगे। उन्होंने हायर सेकेण्डरी स्कूलों और कॉलेजों में प्री-मैरिज कॉउंसलिंग की व्यवस्था शुरू करने का प्रस्ताव भी दिया, जिससे परिवारों में आ रहे बिखराव को कम किया जा सके। विभागीय संचालक श्रीमती दिव्या मिश्रा ने बताया कि बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य द्वारा उल्लास, उजियार, उम्मीद और उमंग एवं उदय कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसे आगे बढ़ाते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के मार्गदर्शन में उदय अर्थात मुख्यमंत्री बाल उदय योजना एक अप्रैल 2023 से शुरू की गई है। यह बाल देखरेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालकों के भविष्य के उदय का सूचक है। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बच्चों के आफ्टर केयर के लिए 4 हजार रूपए के आर्थिक सहयोग का प्रावधान है। राज्य के 12 बच्चे पोषण देखरेख कार्यक्रम अंतर्गत परिवारों को दिए गए हैं। राज्य के गैर-संस्थागत देखरेख के 600 से अधिक बच्चों को विकास और शिक्षा के लिए प्रतिमाह 4 हजार रूपए प्रवर्तकता कार्यक्रम अंतर्गत दिए जा रहे है। बच्चों के संस्थाओं से निकलने के बाद पहली जरूरत आवास और फिर जीवन यापन की होती है। मुख्यमंत्री बाल उदय योजना के तहत संस्थाओं से बाहर निकलने वाले बच्चों के,तकनीकी शिक्षा, कौशल उन्नयन, उच्च शिक्षा सहित व्यावसायिक प्रशिक्षण की भी व्यवस्था राज्य सरकार ने की है। साथ ही आवास हेतु एक हजार रूपए की आर्थिक सहायता का भी प्रावधान किया गया है। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत दिए जा रहे 4 हजार रूपए के अतिरिक्त 3 हजार रूपए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना से लाभान्वित बालकों को दिया जाएगा। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में व्यावसायिक और कौशल प्रशिक्षण संबंधित जानकारी देने के साथ प्रारूपों और दस्तावेजीकरण पर चर्चा की गई और जिला अधिकारियों के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का निराकरण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री बाल उदय योजना के राज्य में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक ,उप संचालक द्वारा योजना क्रियान्वयन के प्रत्येक बिंदु की जानकारी दी,एवं प्रतिभागियों की जिज्ञासा के उत्तर दिए।कार्यक्रम में पुलिस विभाग,उच्च शिक्षा विभाग, अनुसूचित जाति,जनजाति कल्याण विभाग,पंचायत विभाग के अधिकारियों द्वारा सक्रिय भागीदारी कर योजना के समन्वय के विषयों पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर यूनिसेफके स्टेट हेड श्री जॉब जकारिया सहित ,राज्य बाल संरक्षण समिति के अधिकारी,जिलों से आए जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला महिलाव एवं बाल विकास अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, बाल देखरेख संस्थाओं के अधीक्षक, प्रभारी, बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित थे।

बांध का गेट कई सालों से क्षतिग्रस्त

» शिकायत के बावजूद नहीं किया ठीक,

» आक्रोशित ग्रामीणों ने किया उग्र प्रदर्शन

रायपुर/डोंगरगढ़,14जून 2023(ए)। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में सालों से क्षतिग्रस्त हालत में पड़े जलाशय के गेट को बनवाने बुधवार को ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर बांध के गेट को नहीं बनवाया गया तो वे आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे और डोंगरगढ़ खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

दरअसल, डोंगरगढ़ स्थित ग्राम देवकट्टा में जलाशय का गेट कई सालों से क्षतिग्रस्त हालत में है। इसकी वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से कई बार शिकायत की पर अब तक इसका कोई समाधान नहीं निकला गया। जिले में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है, ऐसे में जल का संकट बना हुआ है। इसी बात से गुस्साएं ग्रामीणों ने आज बड़ी संख्या में डोंगरगढ़ के तहसील कार्यालय में उग्र प्रदर्शन किया

इस दौरान सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीणों के सामने आने से बचते रहे। यानी आक्रोशित ग्रामीणों का दर्द इन अधिकारियों को नहीं दिखाई दे रहा। हालांकि, ग्रामीण लगातार अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। इसके बाद सिंचाई विभाग के इंजीनियर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को एक सप्ताह के अंदर बांध के गेट को ठीक कराने का आश्वासन दिया। उसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन खत्म कर दिया।

टेंडर पास होने के बाद भी नहीं किया काम शुरू

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि, इस बांध का निर्माण 1976 में हुआ था। बांध के गेट के क्षतिग्रस्त होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शासन ने 7 करोड़ 2 लाख की मंजूरी देते हुए चार महीने पहले गेट को बनाने का टेंडर दिया था, लेकिन ठेकेदार ने काम को शुरू ही नहीं किया। इसके बाद पूरे मामले की शिकायत ग्रामीणों ने पिछले दिनों स्थानीय विधायक से भी की थी, लेकिन अब तक पूरे मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। इसलिए आक्रोशित ग्रामीण आज डोंगरगढ़ तहसील कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने दी चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने उन्हें लिखित आश्वासन दिया है और कहा है कि, 1 सप्ताह के भीतर बांध का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं ग्रामीणों ने यह चेतावनी भी दी है कि, अगर इस बार भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे और डोंगरगढ़ खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

सभी स्कूल 26 जून तक रहेंगे बंद,सीएम ने दिया आदेश

रायपुर,14 जून 2023(ए)। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव के समय में बदलाव किया गया है। अब प्रदेश के सभी स्कूल 26 जून तक बंद रहेंगे। इस संबंध में सीएम भूपेश बघेल ने निर्देश जारी कर दिए हैं। सीएम ने स्कूल शिक्षा विभाग को ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाने के दिये निर्देश।बता दें कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर भीषण गर्मी की वजह से बंद रहेंगे सभी स्कूल। इन दिनों मौसम का पारा तेजी से बढ़ता जा रहा है। अतः सीएम ने बच्चों की सेहत को देखते हुए सभी स्कूल 26 जून तक बंद रखने के निंदेश दिए हैं। गर्मी और लू से बच्चों की सुरक्षा जरूरी है।

तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा 424 करोड़ से अधिक का प्रोत्साहन पारिश्रमिक

» वर्ष 2021 का 163 करोड़ 63 लाख रुपए प्रोत्साहन पारिश्रमिक तथा वर्ष 2022 का

» 260 करोड़ 49 लाख रुपए वितरित किये जाने विभाग ने प्रदान की अनुमति

» तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2021 के लिए 9 लाख 49 हजार 944 संग्राहकों को तथा तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2022 के लिए 8 लाख 61 हजार 772 संग्राहकों को मिलेगा पारिश्रमिक

-सोनू कुमार-

रायपुर,14 जून 2023 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 424 करोड़ 11 लाख रुपए का प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरित किया जाएगा। इस संबंध में आदेश वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने जारी किये हैं। विभाग ने इस संबंध में अनुमति प्रदान की है। इसके अंतर्गत वर्ष 2021 में लाभ में रही 733 समितियों के 9 लाख 49 हजार 944 संग्राहकों को 163 करोड़ 62 लाख रुपए की प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार संग्रहण वर्ष 2022 के लिए लाभ में रहीं 661 समितियों के 8 लाख 61 हजार 772 संग्राहकों को 260 करोड़ 49 लाख रुपए का प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण किया जाएगा।

यह जानकारी छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक श्री अनिल कुमार राय ने दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तेंदूपत्ता के व्यापार से होने वाले लाभ का प्रोत्साहन पारश्रमिक संग्राहकों को वितरण किया जाता है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों दी जाने वाली तेंदूपत्ता संग्रहण राशि में भी वृद्धि की गई है और उनके कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य के नए आबकारी आयुक्त आईएएस जनक पाठक ने ग्रहण किया पदभार

रायपुर,14 जून 2023(ए)। छत्तीसगढ़ राज्य के नए आबकारी आयुक्त के पद पर आईएएस जनक प्रसाद पाठक ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान जनक पाठक द्वारा पदभार ग्रहण करने पर आबकारी आयुक्त कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है।

जनक प्रसाद पाठक 2007 बैच के आईएएस अफसर हैं। अभी तक वे आवास एवं पर्यावरण विभाग के अलावा वाणिज्य कर विभाग के विशेष सचिव थे। जनक प्रसाद पाठक को उनकी वर्तमान जिम्मेदारियों के अतिरिक्त आबकारी आयुक्त की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

पदभार ग्रहण करने के दौरान बातचीत करते हुए आईएएस जनक प्रसाद पाठक ने कहा कि शासन ने उनको आबकारी आयुक्त के तौर पर बड़ी जिम्मेदारी दी है। वो इसका बखूबी निर्वहन करेंगे।

आते ही कर्मचारी हित में लिए निर्णय

आबकारी आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद पाठक ने लम्बित प्रशांत यादव के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण का निराकरण किया। साथ ही सेवानिवृत्त जिला आबकारी अधिकारी संजय अग्रवाल और राजीव लोचन के पेंशन प्रकरण का भी निराकरण आईएएस पाठक द्वारा किया गया।

हाल ही में राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के नवीन पद स्थापना आदेश जारी किया गया। इसके तहत ढ्ढस् जनक प्रसाद पाठक को आबकारी आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।उनके पास आबकारी सचिव का भी चार्ज रहेगा। इसके साथ वे आवास और पर्यावरण विभाग के सचिव भी बने रहेंगे।

भाजपा सहित अन्य कई दलों ने दिया था मुझे ऑफर

» लेकिन मैं नहीं जाऊंगा कांग्रेस छोड़कर :टीएस सिंहदेव

रायपुर,14 जून 2023(ए)। छत्तीगसढ़ में आगामी दिनों में विधानसभा और लोकसभा चुनाव होना है, जिसके चलते सियासी गलियारों में सरगर्मी बढ़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर नेताओं के दल बदल का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। बता दें कि हाल ही में दिग्गज आदिवासी नेता नंद कुमार साय ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। वहीं, टीएस सिंहदेव को लेकर भी लंबे समय से कयास लगाए जा रहे हैं कि वो कांग्रेस छोड़ सकते हैं। लेकिन टीएस सिंहदेव ने सभी कयासों को विराम दे दिया है।



दरसअल छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कहा है कि मैं कांग्रेस छोड़कर किसी दल में नहीं जाऊंगा। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें भाजपा सहित अन्य कई दलों से ऑफर मिला था। बता दें कि कई बार ये भी कयास लगाया गया कि टीएस सिंहदेव और सीएम भूपेश बघेल के बीच तकरार है, लेकिन इस बात को भी उन्होंने कल खारिज कर दिया था।

सिंहदेव ने कहा कि मैं तो कांग्रेस का सिपाही हूं। पद की न कभी पहल की, न करूंगा।। जो जिम्मेदारी मिलेगी उसको निभाउंगा। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के समय थोड़ी लॉबिंग जरूर हुई थी। मैं नेता प्रतिपक्ष बना इसमें भूपेश भाई की भूमिका थी। लोग मतभेदों का फायदा उठाने में ज्यादा सफल नहीं हो पाएं। कुछ लोग इस मामले में खेलना चाहते थे।

बता दें कि, स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने कुछ दिन पहले चुनाव लड़ने के मुद्दे पर कहा था कि उनका मन अब भी ऐसा है जैसे चुनाव में लड़ना नहीं चाहते हैं। इस दौरान उन्होंने ये भी कहा था कि ये उनका अंतिम फैसला नहीं है, पार्टी कार्यकर्ताओं से बात करके ही फैसला लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में मिलेगा 500 रुपए में गैस सिलेंडर:रंजीता रंजन

रायपुर,14 जून 2023(ए)। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद रंजीता रंजन ने छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी गृहणियों को 500 रुपये में सिलेंडर मुहैय्या कराया जाएगा। बता दें राज्यसभा सांसद ने यह दावा भिलाई में एक कार्यक्रम के दौरान किया। इसी के साथ ही उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए सीएम भूपेश बघेल के कामकाज की जमकर सराहना की। सांसद रंजीत रंजन ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र की सरकार हिन्दू मुसलमानों के बीच दंगा करा रही है, इसके अलावा मनरेगा का पैसा भी नहीं आ रहा, सेंट्रल इस फंड को रोकता है। कांग्रेस केंद्र सरकार का कच्चा चिटठा खोलेगी। मोदी सरकार देशभर में नफरत फैलाने का काम कर रही है। रंजीत रंजन ने राजस्थान में सब्सिडाइज्ड गैस सिलेंडर योजना पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जब-जब सब्सिडी दी रिसेशन नहीं हुआ, केंद्र सरकार ने जनता को सिलेंडर में सब्सिडी नहीं दिया। जहाँ तक छत्तीसगढ़ का सवाल है तो छग में भी 500 में सिलेंडर मिलेगा।

दत्तक केंद्र में हुए बच्चियों के साथ मारपीट मामले में बड़ा एक्शन

बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया बर्खास्त

कांकेर,14 जून 2023 (ए)। बीते कुछ दिन पहले 2 मासूम बच्चियों के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट का मामला सामने आया था। जिसके बाद कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं इस मामले में एक बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया को बर्खास्त कर दिया है। इससे पहले बच्चों को मारने वाली महिला कोऑर्डिनेटर को एफ आई आर के बाद गिरफ्तार किया जा चुका है। कांकेर जिले के दत्तक ग्रहण केंद्र में एक महिला कोऑर्डिनेटर ने 2 मासूम बच्चियों के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट कि थी। जिसके बाद कलेक्टर ने बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया को दत्तक ग्रहण केंद्र में मारपीट मामले में नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। इस मामले में 4 जून को हुई जांच में महिला बाल विकास अधिकारी की टीम ने अपना जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा था।

जांच प्रतिवेदन में इस बात का जिक्र था कि दत्तक ग्रहण केंद्र में बच्चों के साथ हो रही यातना की जानकारी रीना लारिया को थी। वहीं रीना लारिया ने अपने नोटिस के जवाब में यह भी बताया है कि उन्होंने नियमित रूप से दत्तक अभिकरण केंद्र का निरीक्षण किया है, लेकिन जांच के दौरान किसी भी रजिस्टर में उन्होंने बच्चों के साथ दुर्व्यवहार संबंधी टीप का जिक्र नहीं किया था। कलेक्टर ने बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया के कार्य में गंभीर लापरवाही पाया है। जिसके बाद उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया है।

ग्रामीणों के लिए संजीवनी बनी 'डॉक्टर तुमचो दुआर'

» दूरस्थ इलाकों तक एक कॉल पर पहुंच रहे हैं डॉक्टर

» घर पर ही निःशुल्क उपचार मिलने से ग्रामीणों में खुशी

» पायलेट प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए जिला प्रशासन की हो रही सराहना

» मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कोण्डागांव में की थी 'डॉक्टर तुमचो दुआर' अभियान की शुरूआत

रायपुर,14 जून 2023 (ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले दिनों कोण्डागांव जिले के बेड़मा प्रवास के दौरान 'डॉक्टर तुमचो दुआर' अभियान की शुरूआत की थी। अभियान अपने उद्देश्य के अनुरूप सफल हो रहा है और दुर्गम इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं एक फोन कॉल के माध्यम से पहुंच रही हैं। जनजातीय बहुल सुदूर गांवों में घर पर ही डॉक्टरों की सेवा मिलने से लोग बहुत खुश है और जिला प्रशासन के इस पहल की सराहना भी कर रहे है।दुर्गम इलाकों में जरूरतमंद ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन कोण्डागांव की इस पहल को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पिछले हफ्ते ही शुरू किए गए इस अभियान के बेहतर क्रियान्वयन से दूरस्थ इलाकों के मरीजों को समय पर प्रशिक्षित चिकित्सकों की घर पहुंच सुविधा मिल रही है। डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ जरूरतमंद मरीज के घर पहुंचकर निःशुल्क जांच, उपचार और दवाईयां दे रहे हैं। मरीज की बीमारी और उसकी स्वास्थ्यगत स्थिति को देखते हुए टीम बेहतर इलाज के लिए रिफर भी करती है। विशेष रूप से उम्रदराज और आने-जाने में असमर्थ मरीजों को इसका बड़ा फायदा मिला है।

डॉक्टर तुमचो दुआर परियोजना को जिले के दो ब्लॉक बड़ेराजपुर एवं फरसगांव के पहुंचविहीन क्षेत्रों को ध्यान में रखकर पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रारंभ किया गया है। डॉक्टर तुमचो द्वार के माध्यम से दोनों विकासखंडों के बड़ेडोंगर, आलोर, फुसगांव, कबोंगा, कुम्हारबड़गांव, लंजोड़ा, कोकोड़ा जुगानार, बीरापारा, पेण्ड्रावन, खलारी, खरगांव, बालेंगा, सलना इत्यादि गांवों के मरीजों को इसका लाभ भी मिलने लगा है।

डॉक्टर तुमचो दुआर के बेहतर क्रियान्वयन के लिए एक कॉल सेंटर भी स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे क्रियाशील है। इसके माध्यम से पहुंचविहीन ग्रामों के मरीज सीधे संपर्क कर चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकते है। कॉल प्राप्त होते ही डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ मरीज के घर पहुंचकर उसका इलाज करती है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)